द्वार के लिए चाबी

यहां इस भवन में होने के लिए एक सौभाग्य है! यह मेरे लिए कुछ अपेक्षित भी था। मैं, आज रात जानते हुए कि प्रभु भोज की सभा थी, मैं इसे हमेशा ही पसंद करता हूं, यदि मैं यहां कहीं भी आस–पास रहता हूं, तो प्रभु भोज की सभा में आता हूं। क्योंकि यह... मैं सोचता हूं कि सारे मसीहो को प्रभु भोज लेने का विचार करना चाहिये, क्योंकि यीशु ने कहा, “यदि तुम इसे नहीं खाते हो, तो तुम मेरे साथ भागी नहीं हो।” इसलिए, यह... हमेशा ही मेरा बड़ा सौभाग्य रहा है कि—कि भवन में आऊं। फिर, आज रात भाई नेविल ने कहा उनका कुछ गला ख़राब था, और—और उन्होंने चाहा कि मैं हमारी सभा के लिए बोलु। मैंने उससे कहा ऐसा करना, मेरे लिए खुशी की बात होगी। मैं यह भी घोषणा करना चाहूंगा...

2 कल रात्रि पुरुषों की बैठक होगी, जो ट्रस्टी (खजांची) हैं, कल रात जो यहाँ कलीसिया के बिजनेसमैन है, उनकी हमेशा की तरह सोमवार की रात की सभा पर बैठक है और उनकी... ठेकेदार के साथ निर्णय को लेना है। मैं सोचता हूं आप समझते होंगे कि हमारे—हमारे—हमारे जो कागजात हैं, उसे अनुमति मिल गयी है, और हम कलीसिया को बना सकते हैं। और इसलिए जब ऐसा करते है, तो शायद इसी हफ्ते हम आरंभ करेंगे। कलीसिया का काम इस हफ्ते आरंभ कर सकते है, जहां तक मैं समझता हूं। और उन्होंने यहाँ जेफ़रसनविले में, हमें इस बात के लिए मना कर दिया था। लेकिन हम इंडियाना के पॉलिस, राज्य में गये, और उन्होंने हमें अनुमति दे दी, तो हम इसे बनाने जा रहे हैं। और इसलिए यह हो सकता है इसी हफ्ते आरंभ किया जायेगा। यह कल रात बैठक के बाद पता चल जाएगा। और फिर कल रात बैठक के बाद, यदि वे इस हफ्ते आरंभ नहीं करते है, यदि कोई बात होती है, ठेकेदार इस हफ्ते आरंभ नहीं कर सकता है, तब वो आने वाले सप्ताह में आरंभ करेगा।

3 और आने वाले सप्ताह के अंत में, शनिवार रात को, रविवार सुबह या रविवार रात को, अगले सप्ताह को, आने वाले शनिवार और रविवार को प्रभु ने चाहा तो। मैं एक—एक—एक फिर से लगातार तीन सभाओ को रखना चाहता हूं, जैसे हमने कुछ सप्ताह पहले रखी थी। और फिर उसके बाद... वो

शनिवार की रात्रि होगी, रविवार की सुबह, उसके बाद रविवार की रात को। जो आने वाले, इस महीने की तेरह और चौदह तारीख को होगी।

4 और फिर कुछ भाई लोग और मैं, उसके बाद कोलोराडो में शिकार के दौरे पर जाने वाले है, उसके बाद वापस आ जायेंगे। यदि भवन, जब पूरा बन जायेगा, यदि यह प्रभु की इच्छा रही तो मैं सभा लेना चाहता हूं, हो सकता है मैं पूरा सप्ताह लेना चाहूंगा इससे पहले मैं सभाओ के लिए फिर से बाहर जाऊं, और मैं *सात मोहरों* के प्रकाशन को लुंगा। अभी इससे पहले... जैसे हमने *सात कलीसिया कालो* को लिया था, अब इसके बाद *सात मोहरों* को लुंगा।

5 और शायद, लगभग आने वाले अगले दो या तीन सप्ताह में, मैं सोचता हूं वे दावा करते हैं कि जिन लोगो को काम देने जा रहे है, वे कर सकते है, हम भवन को बना सकते है और ये हमारे पास ऐसे ही कुछ दस या पंद्रह दिनों में होगा। हमारे पास यहां पर दुगने लोगो के बैठने के लिए कमरा होगा, या तीन गुना, या हो सकता है ज्यादा लोगो के लिए। और इसी प्रकार से मैं उस समय के लिए रुका हुआ था।

6 क्योंकि, पिछले शनिवार और रविवार, यहां बहुत ही भीड़ थी, आप जानते हैं। और लोग वहां बाहर भवन में आने के लिए दोपहर दो बजे से रुके हुए थे, इससे पहले यहाँ तक कि कलीसिया को खोला जाये। अगली सुबह पांच बजे, एक नर्स जो मेरे घर के पास ही रहती है, वहां पर आकर और कहा, “वहां पर लोग भवन के सब आस–पास सुबह पांच बजे से भीड लगा कर खड़े हुए हैं।” इसलिए और बाद मे वे लोग, जब भी अंदर आते है, वहां पर उनके लिए कोई जगह नहीं होती है, और वे निराश हो जाते है, और वहां से चले जाते है। और—और फिर वे जो वहां पर खड़े हुए थे, और कोने में और भवन के गलियारे में जाम हो जाते है, और पूरी तरह से जकड़ा हुआ अनुभव करते है और इत्यादि। और मैं स्त्री को वहां पर खड़े हुए देखता हूं, जिसका इस तरह से पसीना बह रहा होता है, और लोगो में से पसीना बह रहा होता है। और पुरुष लोग स्त्रियों को बैठने के लिए उनकी कुर्सी दे रहे थे; और वह खड़ा रहता है, इतना तक उनके पांव दर्द दे रहे होते है, और कोई तो उन्हें अंपनी कुर्सी देता है। आप जानते हैं, इस तरह से होता है। यह बहुत ही दयनीय बात है, और मातायें बीमार बच्चों के साथ होती है, और इत्यादि, यह बुरा लगता है।

7 इसलिए, हम यह ईमारत को निकालकर एक बहुत बड़ा भवन बनाने का यत्न रहे है। और हमारे पास एक अच्छा स्थान होगा, जहां पर बच्चे लोग कभी–कभी... रुकावट होती है, जैसे छोटे बच्चे लोग रो देते हैं; तो, हमारे पास उनके लिए एक कमरा होगा, सो मातायें उसमें जा सकती हैं, और फिर भी वहां से सभाओ को सुन सकती है, और कमरे के अंदर सीधा प्रसारण होगा। और संडे स्कूल के लिए कमरे होंगे, और हर एक चीज बिल्कुल वैसे ही होगी जैसे इसे होना चाहिए। और यदि प्रभु की इच्छा हुई तो आने वाले इस सप्ताह में यह बातें होंगी।

8 आप सबने इस पर सौ प्रतिशत अपना मत दिया है, इसलिए हमने इसे पूरी तरह से तय किया है, देखिये। कलीसिया सर्वोच्च है। कलीसिया जो कहती है, बात खत्म हो जाती है। खजांची और कोई और क्या कहता है, खजांची बस एक ही होता है, प्रत्येक का एक मत होता है। पास्टर का केवल एक मत होता है। यह तो कलीसिया होती है, कि यह—यह कलीसिया का लोक तंत्र होता है, कलीसिया की प्रधानता। कलीसिया ही पूरी तरह से बोलती है। बात खत्म हो जाती है। और हम इसी तरह से हैं, क्योंकि हमारे पास कोई भी बिशप नहीं है, ऊंचे पद का व्यक्ति या अध्यक्ष और इत्यादि, जो हमें *यह, वह* और *दूसरी* बातों को बताये। यह तो कलीसिया में पवित्र आत्मा होता है, जो बोल रहा होता है। मैं नियम को पसंद करता हूं, यही बिलकुल अच्छी बात है।

9 और मैंने पूछा, "क्या आप सब रुकना चाहते है, जब तक हमें भवन को बढाने के लिए काफी जगह नहीं मिल जाती है और एक कलीसिया को नहीं बना लेते?" यह बोर्ड के ऊपर निर्भर था, और यह ट्रस्टी के द्वारा तय नहीं किया जा सका। और उन्होंने मुझसे पूछा, एक जनरल अध्यक्ष होने के नाते, कि मैं आकर कलीसिया से बात करूं। इसीलिए मैंने कहा, "अब हमारे पास इतना पैसा है कि हम कलीसिया के आकार को बड़ा कर सकते हैं, और इसे थोड़ा अलग तरह से बना सकते हैं, और इत्यादि, फिर जो हमारे पास था।" और मैंने कहा, "अब हम इसे ठीक अभी कर सकते है या हमारे पैसो को बचाये, जब तक हमारे पास इतना पैसा नहीं हो जाता, जिससे कलीसिया को पूरी रीति नया करे, और कुछ और जगह को ले ले।"

10 और हमने इस बात पर कलीसिया में मत लिया और इसके लिए

सर्वसम्मति से मत मिला "कलीसिया को पूरी तरह से ठीक अभी बनाना है, और ठीक अभी कलीसिया को बडा करना है।" और हम इस बात के साथ बने हुए है।

11 और यहां जेफरसनविले में जो बोर्ड है, हमसे मुकर गए, कहा हम इसे नहीं कर सकते हैं। और हम वहां पर चले गये, और इंडियन पोलिस में जाकर और इस पर निवेदन को रखा। बाद में उन्होंने वापस लिखकर भेजा, कि हम, "आगे बढ़ सकते हैं," हमारे पास इसे बनाने के लिए अधिकार है। इसलिए इसके साथ अब शहर का कोई लेना देना नहीं है, इसका संबंध राज्य से है। तो फिर हमारे पास अनुमति पत्र है, और ठेकेदार के हाथ में, ठीक अभी वो—वो अनुमति पत्र है, और मैं सोचता हूं, वे किसी भी समय काम को आरंभ करेंगे।

12 इस कल रात को, यदि—यदि ठेकेदार कहता है कि वो आने वाले हफ्ते में काम को आरंभ करना चाहता है, तब मैं सभाओ को नहीं लुंगा, क्योंकि... जब तक हम *सात मोहरों* में नहीं आते है। और फिर यदि ठेकेदार आने वाले हफ्ते में काम आरंभ नहीं कर सकता है, तब आने वाले रविवार, शनिवार और रविवार को, मैं जाने से पहले सभाओ को ले लुंगा।

13 और फिर मैं इस रविवार को इसे लेने वाला था, और देखा कि आज रात प्रभु भोज होने वाला है, इसलिए मैंने इस रविवार को नहीं लिया। क्योंकि, ऐसी भीड़ में आप आसानी से प्रभु भोज नहीं ले सकते है, और बाद में जब आपके पास बड़ी कलीसिया होगी, तो हम प्रभु भोज कर सकते है।

14 अब, हमारे पास एक राष्ट्रपति आने वाला है। वो... ओह, आप जानते है मेरा क्या अर्थ है, इसका अभी ज्यादा समय नहीं हुआ, हिकरसन परिवार में जन्म हुआ। और हमारी बहन जो पियानो को बजाती है, वो आकर हमें पियानो में जरा एक स्वर को देंगी, "उन्हें अन्दर ले आओ," यदि बहन चाहती है तो, या इसी प्रकार का कोई गीत। ये प्यारा छोटा सा सज्जन हिकरसन परिवार में है, जिसके लिए हम बहुत समय से देख रहे थे, वो आ गया है। एक बहुत ही प्यारा छोटा बालक, वो निश्चय ही हिकरसनस के लिए एक रत्न है। और वे सब हमारे लिए रत्न है, हम उनसे प्रेम करते है, और वे वास्तव में हमारे भाई और बहन है। हम उनके परिवार में जन्मे छोटे से बालक के लिए धन्यवादित है, जो कि पूरी तरह से परिवार के लिए क्रांतिकारी परिवर्तन को ला चूका है। और क्या वे, माता और पिता अब

इस बालक को समर्पण के लिए लेकर आयेंगे। अब वचन कहता है, "और वे उसके पास शिशुओ को लेकर आने लगे, जिससे कि वो उन पर हाथ रखे और उन्हें आशीष दे।"

15 अब, संसार में लोग है, वे जो विश्वास करते है, उसे "शिशुओ का बपतिस्मा" कहते है। और, ऐसे ही, वे इन छोटे बालको को लेते है, और उन्हें उस तरह से बपतिस्मा नहीं देते है, कारण वे केवल उन पर पानी का छिडकाव करते है। अब हम बाइबिल में इसे कही भी नहीं पाते है जहाँ पर उन्होंने कभी किसी समझदार व्यक्ति पर भी पानी का छिडकाव किया हो, बालको की बात तो छोड़ दो।

16 और, बपतिस्मा तो एक अंगीकार करना है कि अनुग्रह का अंदरूनी काम किया जा चूका है। और छोटे शिशुओ को पाप का कोई ज्ञान नहीं होता है। सो जब यीशु क्रूस पर मरा, उसने संसार के पापो को दूर कर दिया। और जब छोटा शिशु एक मनुष्य जाति बन जाता है, और इस संसार में जन्म लेता है, उनके पास उनके खुद के पाप नहीं होते है, इसलिए उनके पास कोई पश्चाताप नहीं होता, जिसे किया जाये। लेकिन जब वो, यीशु मसीह का लहू उस पाप को उठा लेता है। निश्चय ही, वो बालक पाप में जन्म लेता है, अधर्मता में आकार लेता है, झूठ बोलते हुए संसार में आता है, और वे स्वभाव से पापी होते है, लेकिन यीशु मसीह का लहू उसके लिए प्रायश्चिता करता है। लेकिन जब वो बालक उस उत्तरदायित्व के उम्र तक आता है, और जानता है कि सही और गलत क्या है, तब उसे इसके लिए पश्चाताप करना है जो इसने किया है। ये पाप अब बस पाप ही है जब वो पाप में जन्म लेता है, यह मनुष्य का पाप है, पाप अब वो पाप ही है जो आदम और हवा ने किया; और जिसे परमेश्वर के द्वारा, यीशु मसीह के लहू के द्वारा हटाया गया। अब उस बालक के पास पश्चाताप करने के लिए कोई पाप नहीं होता है, जब तक वो पाप नहीं करता है, उसके बाद उसे पश्चाताप करना होता है। समझे? और जब वो पश्चाताप करता है, तब वो बपतिस्मा लेने का समय होता है, और फिर उसका बपतिस्मा डुबाने के द्वारा होता है।

17 उस समय तक के लिए, हमें बाइबल के निर्देशों का अनुकरण करना है, जो इस तरह से है, "और वे उसके पास शिशुओ को लेकर आने लगे, जिससे की वो उन पर हाथ रखे और उन्हें आशीष दे।" इन प्रेमी माता–

पिता ने इस छोटे से बालक को समर्पण के लिए पास्टर और मेरे पास लाया है। और वे महसूस करते है कि वे इसे मसीह के दर्शाने वाले हाथों में रख रहे है, वे इसे मसीह के हाथों में दे रहे है। तब, विश्वास के द्वारा हम परमेश्वर के लिए बालक को लेते है, ताकि इसे यहाँ लाने के लिए धन्यवाद दे, और परमेश्वर से इसके लिए आशीष को मांगते है, जिसे हम “शिशु का समर्पण” कहते है।

18 अब, आप जानते है, मुझे अपने बच्चो के लिए कैसा लगता होगा। मेरी एक लड़की आज रात महिमा में है, और उसे यहाँ इस वेदी पर परमेश्वर को समर्पित किया गया था। आज रात मेरे पास छोटा लड़का और लड़की है, जो वहां पीछे बैठे हुए है, जिनका अब तक बपतिस्मा नहीं हुआ है। एक ग्यारह वर्ष की है, सारा, जिसे शायद आज मैं बपतिस्मा के लिए लेकर जाऊंगा। और जोसफ केवल सात वर्ष का है, वो अब भी इसके लिए बहुत ही छोटा है, जब तक... यदि वो इसकी इच्छा नहीं रखता है, और कहा जाये तो परमेश्वर उसके ह्रदय में जब तक नहीं डालता, तब मैं इसे करूँगा। लेकिन शिशु होने के नाते, मैं केवल परमेश्वर को समर्पण करता हूं, क्योंकि वचन इसके लिए हमें यही शिक्षा देता है।

19 भाई नेविल, क्या आप मेरे साथ इस प्यारे लड़के के लिए आगे आयेंगे [भाई ब्रन्हम, भाई और बहन हिकरसन के पास आगे आते है—सम्पा।] मैं डर गया था... क्या यह होल्लिन है? होल्लिन? जी हाँ, होल्लिन, जूनीयर। स्टीफन होल्लिन। ठीक है, यह अच्छा है। ओह, मैंने सोचा यह सो रहा था। यही, यह हिकरसन का स्वभाव है, कुछ भी होता है। मैंने इसे एक दिन देखा, मैंने उसे “राष्ट्रपति” और इत्यादि कहा। और निश्चय ही यह उसके लिए बहुत ही छोटा है, देखो, आप उससे एक “राष्ट्रपति” की नाई बात करे। आप कैसे हो? तो ठीक है, मैं जानता हूं यही किसी भी धर्मी माँ के लिए खजाना होना है। क्या आप ऐसा नहीं सोचते है? बहुत ही प्यारा है। और अब भाई हिकरसन और बहन हिकरसन, एक मसीह का दास होने के नाते, आपका पास्टर होने के नाते, मैं इस बालक को विश्वास के द्वारा लेता हूं, यीशु मसीह की बाँहों में, जिसमें, आपने उसके बाँहों में रखने की इच्छा व्यक्त की है।

20 आइये हम अपने सिरों को झुकाये, जब पास्टर और मैं यहाँ इस बालक पर हाथों को रखे हुए खड़े है।

21 हमारे स्वर्गीय पिता, बाइबिल में उन्होंने बालको को आपके पास लाया, ताकि आप उन पर अपने हाथों को रखें और उन्हें आशीष दे। और वे सचमुच आशीषित हुए थे। और अब आपके उदाहरण का अनुकरण करते हुए, जो बातें आपने की, हमने ध्यान में रखते हुए उसे करने की कोशिश की है, प्रभु, बाइबिल को पढ़कर और उदाहरण का अनुकरण करते हुए, बिल्कुल जैसे आपने किया। और ये माता और पिता, भाई और बहन हिकरसन, जो यहाँ हमारे भवन में प्रिय दास है, हमारे लिए इस छोटे से आनंद को लेकर आये है, जिसे आपने उनकी देखभाल में रखा है। ये आपकी ओर से आया है। आपने उन्हें इस बालक को दिया है। और अब वे इसके छोटे से जीवन को आपकी सेवा में होने के लिए, आपको देने की इच्छा रखते हैं। मैं प्रार्थना करता हूं कि आप इस बालक को आशीष देंगे, कि आप इसे लंबा जीवन देंगे। होने पाये ये जीये, संभव हो सके तो प्रभु के आगमन को देखें। मैं प्रार्थना करता हूं, कि आप इसे आशीष देंगे जहाँ कही पर भी हो। होने पाये ये मसीही घर में पले–बढे, जैसे उसने उस घर में जन्म लिया है। होने पाये वो इस घर में निरंतर रहने पाए। होने पाये माता और पिता बालक को पुलपीट पर देखे, यदि संभव हो तो सुसमाचार को प्रचार करे। वे बल्की उसे इसी प्रकार से देखेंगे, पिता, फिर सफ़ेद घर के सिंहासन पर, या जहां कहीं पर भी हो, क्योंकि ये आपके दास है, बालक के जीवन को, आपके लिए एक समर्पण करने की इच्छा को रखते हैं और परमेश्वर के काम के लिए कामना करते है।

22 और अब मैं प्रार्थना करता हूं पिता कि आप इस बालक को आशीष देंगे। और परमेश्वर का अनुग्रह इसके ऊपर आ जाए, और ये उसके सारे जीवन में स्वस्थ और खुशहाल हो। और माता और पिता इसे बढता हुआ देखे, हम फिर से मांगते है। इसे आशीष करे जिसे हम आपके नाम में आशीषित करते है।

23 और अब, छोटे स्टीफन होल्लिन हिकरसन को मैं यीशु मसीह को देता हूं, कि जो आशीषे हमने आपसे मांगी है, होने पाये इसके ऊपर आ जाए। मेरा छोटा भाई स्वस्थ और हष्ट–पृष्ट बने, ऐसा हो ये परमेश्वर की महिमा के लिए जीये, यीशु मसीह के नाम में हम इसे मांगते है। आमीन।

परमेश्वर आपको आशीष दे। परमेश्वर सबको आशीष दे। बहुत ही प्यारा बालक है।

जहाँ हम कभी भी उम्र में नहीं बढ़ेंगे, कभी बूढ़े नहीं
होंगे,
उस देश में हम कभी भी बूढ़े नहीं होंगे;
कभी उम्र में नहीं बढ़ेंगे, कभी उम्र में नहीं बढ़ेंगे,
उस देश में हम कभी भी बूढ़े नहीं होंगे।

24 क्या यह अद्भुत नहीं होगा? जो छोटे है, वे सियाने हो जायेंगे, और बूढ़े नौजवान हो जायेंगे। अब क्या ये अद्भुत नहीं है? और हम कभी बीमार नहीं होंगे, या कभी दुखी नहीं होंगे, या कभी नहीं मरेंगे।

25 अब, सभाओ की घोषणा भाई नेविल कर चुके है। मैं भी अब घोषणा करना चाहता हूं, कि जो सभाये, इसे भूलना नहीं, और जो सभाये जिसे उन्होंने बताया है। यह भी कि श्रीमती फोर्ड जो वर्षो पहले कलीसिया आया करती थी, मैं उसे कुछ दिनों पहले उनकी बेटी के पास लेकर गया था, वो अस्सी वर्ष की थी, और मैं सोचता हूं पिछली रात आठ बजे वो प्रभु के पास चली गयी। और उसके लिए पास्टर और मैंने कुटस प्रार्थनालय पर बुधवार को दस–साढ़े दस सभा को रखा है, इस आने वाले बुधवार को। श्रीमती फोर्ड, श्रीमती... मैं सोचता हूं मैं उनका नाम भूल... लेवी, श्रीमती लेवी फोर्ड। हमारे... वो—वो लिओर्ड फोर्ड की माँ है जिसे आप मेरी किताब में देखते है, कि उसने मेरे लिए सिपाही के कपडे दिए थे और मेरे पास केवल एक ही पतलून बची हुई है। अब उस—उस लड़के की माँ है। तो मैं एक दिन उसे वहां पर लेकर गया और उसके साथ प्रार्थना की, वो बेचारी बूढी महिला। और वो प्रभु यीशु से मिलने के लिए चली गई।

26 अब, यदि प्रभु की इच्छा हुई तो मेरे पास यहाँ पर कुछ तो था, जिसे मैं हो सकता है सभाओ के लिए घोषणा करूं, यदि वे इस हफ्ते आते है, क्या मैंने यहाँ उन्हें बताया है, या कम से कम मैं सोचता हूं मैंने किया है, जिसके ऊपर आने वाले सप्ताह की सभा के लिए मैं बोलने जा रहा था। यदि मैं—मैं सोचता हूं... मैंने सोचा मैं इसे किताब मैं लिख कर रखुंगा, मैं नहीं जानता मैंने इसे किया है या नहीं। हाँ, यहाँ है ये। प्रभु की इच्छा हुई तो, शनिवार रात को मैं "क्यों एक मनुष्य दुसरे के जीवन को प्रभावित करता है," इस विषय पर बोलना चाहता हूं। और रविवार सुबह को मैं पिरामिड का ढाका जाना इस पर प्रचार करूँगा। और रविवार रात को मैं *मेरा मार्गदर्शक* इस पर प्रचार करना चाहता हूं, आने वाले रविवार की रात्रि के लिए विषय होगा *मेरा*

मार्गदर्शक। अब होने पाए प्रभु उन बातों को आशीष दे और मेरी सहायता करें, जैसे कि मैं उन्हें लेकर आता हूं, और एक बस छोटा सा लेख उन्हें लेने के लिए।

27 आज रात्रि हम जल्दी करना चाहते हैं, और कुछ बातों को लेंगे। जो भी हो, मेरे पास एक यहाँ ख़त है, जो अभी डाक के जरिये आया है, जैसे बिली ने कुछ समय पहले ही इसे उठाया है, कि कुछ भाई लोग मिशिगन में है, और यह सेवकाई संबंधी समिति से आया है जिनके पास बहुत सारी बातें है। यही है जो बातों को संदेहजनक कर देती है, आप देखे। कि वे यहाँ दावा करते है कि वहां कुछ भाई लोग है जो कहते है कि मैंने उन्हें वहां पर भेजा है, और वे प्रचार कर रहे है कि पुरुष अपनी पत्नी को छोड़ना चाहिए और उनको अपने लिए आत्मिक सहायक को ढूंढना चाहिए, और कि वे जानते है मैं पूरी तरह से कभी गलती नहीं होता हूं। कि वहां कुछ भी... और, ओह, ऐसी किसी भद्दी चीजो को आप हमेशा ही सुनते है। और सेवकाई संबंधी समिति इस बात को पकड़कर, इसके बारे में मुझे ख़त को लिख रहे है, कि मैंने उन लोगो को वहां पर भेजा है, और इस कारण से बहुत गड़बड़ हो गई है। और उनमें से कुछ भविष्यवाणी कर रहे है और कह रहे है एक पुरुष को *इस* पत्नी को छोड़कर और *इस* एक के साथ विवाह करना चाहिए। अब कलीसिया जानती यह है कि हम इस प्रकार की बेहूदा बातो के साथ नहीं खड़े होते है।

28 हम बाइबल में विश्वास करते है। हम विश्वास करते है, कि पुरुष एक स्त्री को लेता है, जो उसकी पत्नी होती है, और केवल मृत्यु ही उन्हें अलग कर सकती है। केवल वही। हम इस तरह की बेहूदा बातों पर विश्वास नहीं करते। या हम स्वतंत्र प्रेम में विश्वास नहीं करते। हम बेहूदा बातों पर विश्वास नहीं करते। हम पूरी तरह से बाइबिल पर विश्वास करते है, और केवल उसी पर। इसलिए मैं इसकी फोटोकापी करूँगा, इस ख़त की कापी करुंगा, और इस पर मैं अपने उत्तर को दूंगा और इसे पत्रीका में डाल दूंगा, और यह—यह बाकी का देख लेगा। मैं आशा करता हूं यह किसी भी तरह से उनके लिए उत्तर होगा।

29 अब आज रात, अब वचन खोलने से पहले, आइये अपने प्रभु से बात करे।

30 हमारे स्वर्गीय पिता, हम आपके दया के सिंहासन के निकट आते है, प्रभु यीशु के नाम में, वो एक जो महान है, जो महिमा से नीचे उतर आया ताकि हमारे लिए परमेश्वर के बहुतायत से खजाने को खोल दे। हम आपका इस महान यीशु के लिए किस तरह से धन्यवाद दे, जो परमेश्वर का प्रकटीकरण था, हमारे लिए व्यक्तिगत बना, और उसके जरिये से हमारे पापो से हमें छुटकारा मिला है। और हम मृत्यु से जीवन में आ गए है, क्योंकि हम उस में विश्वास करते है। क्योंकि यह उसके लिए लिखा है, जो उसने कहा, “जो मेरे वचन को सुनता है, और उस पर विश्वास करता है जिसने मुझे भेजा है, उसके पास अनंत जीवन होगा; और वो न्याय में नहीं आयेगा, लेकिन मृत्यु से जीवन में प्रवेश कर चूका है।”

31 आज रात, प्रभु, आपके वचन को आशीष दीजिये। और हम यहाँ पर थोड़े समय में प्रभु भोज को लेने जा रहे है। मसीह, जो उस राज्य के नागरिक जन है, वेदी के चारो ओर इक्कठा होंगे, और वहां पर वे इसे लेने जा रहे है, जिसे हम “प्रभु भोज” कहते है, वो छोटा सा धार्मिक विधी का भाग है, जिसे आपने हमारे लिए रखा है, यह दिखाने के लिए कि हम विश्वास करते है कि आप हमारे पापो के लिए मरे है, और तीसरे दिन फिर से जी उठे, और हमेशा के लिए जीवित है, और इसे कर रहे है जब तक आप वापस नहीं आते, वचनों के अनुसार जैसे आपने हमें आज्ञा दी है। उन दुष्ट विचारो से हमारे हृदय को पवित्र करे और वो सब जो हमने किया है जो आपके महान इच्छा के विरुद्ध था। हम पर वचन में से जीवन की रोटी को तोड़ दीजिए, जैसे हम वचन को पढते है और इसे बोलते है। प्रभु यीशु के नाम में, हम इसे मांगते है। आमीन।

32 अब प्रकाशितवाक्य की किताब में, एक ही वचन से आरंभ करूँगा, मैं बीस पद को पढना चाहता हूं, या बीसवे अध्याय का पहला पद।

> *फिर मैने एक स्वर्गदूत को स्वर्ग से उतरते देखा; जिस के हाथ में अथाह कुंड की कुंजी, और एक बड़ी जंजीर थी।*

33 अब, मैं चाहता हूं, यदि यह होगा, यदि मैं इसमें से शब्दों को लेता हूं, तो या इस इन शब्दों से विषय को निकालता हूं, तो अगले बीस या पच्चीस मिनटो के लिए, मैं इसे लेना चाहूंगा, *द्वार के लिए चाबी*। अब, मैं इसे “चाबियां,” नहीं कहना चाहूंगा, क्योंकि पतरस को “राज्य की चाबियां” दी गई थी। लेकिन मैं इसे कहना चाहूंगा चाहता हूं, *द्वार के लिए चाबी*। और

फिर इसके तुरंत बाद, मैं कुछ प्रभु भोज पर कुछ शब्दो को देना चाहूंगा, इससे पहले आज रात हम प्रभु भोज ले।

34 अब, एक चाबी। मैंने यहां ध्यान दिया, जब हम पढ़ते हैं, कि यह दूत स्वर्ग से नीचे उतर कर आया, उसके हाथ में वह चाबी थी। मैं विश्वास करता हूं यह प्रकाशितवाक्य 13, या 19, हम फिर से पाते हैं, एक और दूत एक चाबी के साथ आता है। और एक चाबी होती है, एक चाबी एक उद्देश के लिए होती है, जो कुछ तो खोलती है, कुछ तो जो बंद किया गया है, यह ऐसा कुछ तो है जिसे बंद किया गया होगा। लेकिन एक चाबी उस उद्देश के लिए दी गई है।

35 अब चाबियां बहुत प्रकार की होती हैं, क्योंकि हमारे पास चाबीयों का बहुत तरह का इस्तेमाल होता है। एक चाबी गोदाम के लिए होती हैं। हमारे खुद के घर की चाबियां होती हैं। आपके गाड़ियों की चाबियां होती हैं। और हम उन्हें चाबियां कहते हैं, और वे चाबियां होती हैं। और उन्हें नक़ली बनाया जा सकता है, जितनी बार भी चाहे। या घर के लिए, कभी ऐसी चाबी को बनाया जा सकता है, जिसे हम ढांचे की चाबी कहते हैं। दूसरे शब्दों में, ये एक ऐसी चाबी है जिसमें कुछ ऐसे लीवर बने होते हैं, जो इस पर कार्य करते हैं, जो—जो ताले को एक अलग तरीके से घुमाकर खोल देते है और लगभग कोई भी दरवाजे को खोल देती है, जिसे "ढांचे की चाबी" कहते हैं। इसमें एक बहुत सी चाबियों के ढांचे का खांचा होता है, और इसे इस तरह से खोला जा सकता है, हमारे घरों में यहां तक हमारी गाड़ियों के लिए, इसकी नकल की जा सकती है। और फिर वहां

36 और चाबी कोई भी दरवाजे को नहीं खोल सकती, जब तक इसे किसी एक हाथों के द्वारा इस्तेमाल नहीं किया जाता है। चाबी का इस्तेमाल करने के लिए कुछ तो होना है। चाबी अपने आप में अपना इस्तेमाल नहीं कर सकती है। ये कुछ तो होना है, चाबी को घुमाने के लिए।

37 ये इस माइक्रोफोन के समान है जिसके जरिए से मैं—मैं बोल रहा हूं। यह माइक्रोफोन मौन होता है। जब तक इसमें से होकर कोई बोलता नहीं है, यह अपने आप से नहीं बोल सकता है। इसके लिए कुछ तो होना है जो इसके जरिए से बोले। इसलिए यह माइक्रोफोन नहीं है, यह तो आवाज होती है या ध्वनि (इसके पीछे) जिसे माइक्रोफोन हवा की तरंगों में प्रसारित करता है, जो आपके कानों तक पहुंचता है।

38 अब इसी तरह से यह सुसमाचार के प्रचार में होता है। यह हम खुद नहीं है, सेवको की नाई, हम सुसमाचार नहीं है। हम तो केवल प्रसारित करने वाले है जो परमेश्वर की आवाज को प्रसारित करने का एक जरिया है, जो सुनने वालो के लिए मनुष्य के माध्यम का जरिया है।

39 एक दर्शन उसी तरह से है। मैं जानता हूं कि मुझे इस समय कलीसिया से दर्शन से संबंधित कुछ भी नहीं कहना है। लेकिन यदि पवित्र आत्मा पहले मुझे एक दर्शन को दिखाता है, तब मैं उस दर्शन को, उस एक के लिए प्रसारित करूँगा जिसके लिए इसे निर्देशित किया गया है। इसलिए यह मेरा नहीं होता है, मुझे, वो दर्शन मैं नहीं था, मैं। यह तो परमेश्वर ने दर्शन दिया था, और मैंने तो प्रसारण करने वाले का कार्य किया है, ताकि दर्शन के संदेश को, लोगों तक लेकर आऊं।

40 अब, एक चाबी उसी तरह की चीज है। मुझे क्षमा करना। उस चाबी को केवल एक हाथों में पकड़ा जाता है जो द्वार को खोलता है। देखो, इसके लिए हाथ को होना है। अब, और चाबी पर, मैं उसके बारे में आज रात बोलने जा रहा हूं, यह केवल एक ही हाथ होता है जो इस चाबी को पकड़ सकता है, और वो है विश्वास का हाथ। यही केवल वो चीज है जो इस चाबी को पकड़ सकती—सकती है। और वे हाथ दूसरे चाबियों को पकड़ सकते हैं, और इसके लिए ये एक विश्वास के हाथों को लेती है।

41 अब हम जैसे ज्ञान की चाबी को लेते है। अब, यदि एक मनुष्य होता है, यदि वो ज्ञान को बढाने की कोशिश करता है, देखो, अब, वहां इसके लिए एक चाबी है। वहां पर एक जरिया होता है जो इस मनुष्य को खोलना होता है। उसे खोलना होता है कि उसके किताबों को ले और उसका अध्ययन करे और वो नहीं... कोई भी उसे सिखा नहीं सकता है। वे उसे शिक्षा दें सकते है लेकिन उसे सीखना होगा। और एक ही जरिये से इसे किया जा सकता है, उसे उस चाबी को पकड़ना होगा, कि वहां पर कुछ तो है जो खुलता है या... उसके लिए ज्ञान को प्रकट करता है जिसे वह ढूंढ रहा है।

42 और वहां पर लोग होते हैं जो पियानो को बजाने की कोशिश करना चाहते है, और वे... या संगीत की। वे बस नहीं जानते कि वे इसे कैसे करते हैं, लेकिन वे वहां जा सकते है और हो सकता है कि शिक्षक एक पाठ के बाद दुसरे पाठ को सिखाता है, और वे इसे कभी नहीं सीखेंगे। वे बस उसकी रहस्य की चाबी को नहीं पकड़ सकते है, कैसे वो तालमेल होता

है और समस्वर की आवाज़ और इत्यादि बजने लगते है। ये एक चाबी को लेता है।

43 और गणित, वहां गणित के लिए एक चाबी है, जिसे बस करने के लिए आपको कुछ समझना होगा। मैंने लोगो को देखा है जो चार पंक्तियो में अंको को लेते है, और उनके उंगलियों को रखते है, उनकी हर उंगलियां अंको की पंक्ति पर होती है, और बस उसे *इस* तरह से सीधा नीचे लाते है, या हो सकता है पांच या छ अंक नीचे तक, और सबसे नीचे उत्तर को लिख देते है। एक समय पर चार पंक्तियो को हिसाब करते है, कही से भी, एक से लेकर नौ तक। तो, मैं मुश्किल से ही एक पंक्ति का हिसाब कर सकता हूं, मेरे पास गिनने के लिए इतनी ही उंगलीयां है हाथों और पैरो की, जिससे— जिससे मैं एक ही पंक्ति का हिसाब कर सकता हूं। मैं उस चाबी को कभी नहीं पा सका हूं। लेकिन आप देखना, उनमें से कुछ लोगो के पास इसके लिए चाबी है, वे जानते है इसे कैसे करना है।

44 और ज्ञान के लिए एक चाबी है, एक मनुष्य जो ज्ञान के पीछे है। वहां विज्ञान के लिए एक चाबी है, विज्ञानिक शोधकर्ता। अब, वहां है, यही एक बड़ी चाबी है। लोग उस चाबी के लिए देखते है।

45 जैसे यहाँ कुछ समय पहले उन्हें एक अणु मिला, और वे जानते थे कि वहां पर अणु थे, और अणु ने कण और इत्यादि को तैयार किया। और अब उन्हें ढूंढना था, किसी ने तो सोचा यदि वह अणु हर एक चीज को इकट्ठा करके उसे पकड कर रखा है, यदि उस अणु के आकार को घुमाया जा सकता है, तो उससे वो लिया जा सकता है, जो यह पकड़े हुए हैं, और इसे अलग कर सकते है। क्योंकि हर एक चीज अणुओं के द्वारा पकडी हुए हैं, हम इसे जानते है। अब, वो चीज जो अणु पकडे हुए है। आप एक साथ मिलकर अणुओ के द्वारा खड़े हुए है। यह घास, पेड़, हर एक चीज एक साथ मिलकर अणुओ के द्वारा खड़ी हुई है। तो, यदि उस अणु को एक प्रकार से, पूरी तरह घुमाकर आकार दिया जाता है, यदि इसे तोड़ा जा सकता है, और वापस आकार दिया जा सकता है, तब यह नष्ट हो जाएगा। और अब बडे विज्ञानीक ये विश्वास करते है इसे किया जा सकता है, और वे इस पर कार्य करते गए, और कार्य करते गए, और घंटो, घंटों बिता दिए, सप्ताह के बाद सप्ताह, और वर्षो के बाद वर्षो तक, जब तक उन्होंने इस पर जय को नहीं पा लिया।

46 ऐसा ही मैं विश्वास करता हूं थॉमस एडिसन ने उस प्रकाश पर किया, जो वे कहते थे उस मनुष्य के पास एक ज्ञान था कि वह बिजली के प्रकाश को बना सकता हैं। उसने प्रकाश के बल्ब का शोध किया था। वह यहां तक बिस्तर पर सोने भी नहीं जाता था। वह अपने हाथ में इस तरह से सेंडविच को लेता और अपने भोजन को करता था, और वहां बैठकर इस पर शोध करता और काम करता रहता था। कहीं तो बहुत पहले उसके मन में किसी ने उससे कहा कि वो इसे कर सकता है। यह क्या है? ये एक चाबी है जो उस मार्ग को खोल सकती है।

47 अब ज्यादा वर्ष नहीं हुए, एक—एक मनुष्य था जिसने विश्वास किया कि उसके पास एक प्रतिभा थी कि वह व्यंग चित्र पट्टी को लिख सकता था, और उसने विश्वास किया कि उसके हाथों में वह चाबी है। और वह चाहता था... वह... वह केंसास में रहता था। वो केंसास शहर के नामी अख़बार के संपादक के पास गया, और उसके कुछ लेखो को वो लेकर गया। और उस संपादक ने कहा, "श्रीमान, तुम्हारे पास वो चीज नहीं है, तुम्हे इसके लिए कोशिश करने की आवश्यकता नहीं है, तुम इसे नहीं कर सकते हो।" लेकिन इससे वह संतुष्ट नहीं हुआ था। वह जानता था कि उसके पास वो चीज थी। और वह फिर से वापस गया, बार–बार जाने लगा, वो कोशिश कर रहा था, लेकिन संपादक ने उससे मुंह को मोड़ लिया। अत: वह दूसरे स्थानों में गया, और उन्होंने मुंह को मोड़ लिया, वे कहते थे, "श्रीमान, आपके पास बस वो चीज नहीं है। आप इसे नहीं कर सकते हैं।" लेकिन फिर भी उसने विश्वास किया वो इसे कर सकता है। और इसी तरह से है, उसके हाथ में कुछ तो आ गया था! अत:, उसे कुछ छोटे से लघु लेख को लिखने का काम मिला, मैं सोचता हूं, संपादक का काम, या कुछ तो कलीसियाओ पर, कुछ तो कलीसिया के लिए एक प्रकार की छोटा सा व्यंग चित्र पट्टी के लिखने का काम मिला। और उसने खुद के लिए एक फैले हुए गेरेज को किराये पर लिया जिसमें छोटा चुहा या सताने वाली बिल्ली रहते थे, जहाँ पर वो बिल्ली, वहां सारे स्थान पर यहाँ–वहां, उसकी चादर में और इत्यादि में वो दौड़ते रहते थे, और वो विशेषकर किसी एक चूहे को देखता रहता था। यही है जहाँ पर उस मिक्की माउस की कहानी का जन्म हुआ था। अब ये करोड़पति व्यक्ति है, वाल्ट डिज्नी। क्यों? उसके हाथ में कुछ तो था, वो जानता था कि वो इसे पकडे हुए है, वो जानता था कि वो इसे कर सकता है। और इसी तरह से हर एक बडे–बडे लक्ष्य को पूरा किया गया

है। जब किसी पुरुष और महिला के पास हाथ में कुछ तो होता है, जिसे वे जानते है कि वे इसे कर सकते है।

48 जब पोलियो का राष्ट्र में प्रहार हुआ। और अब हम सब को यह आदेश मिला, कि उसके लिए इसकी दवाई को ढूंढे ताकि इस बीमारी को पांव तले रौंदे। जब पोलियो का प्रहार हुआ... कल मैं एक डॉक्टर को सुन रहा था, जब मैं सड़क पर गाड़ी चलाते हुए जा रहा था, कोई तो डॉक्टर जो लुइसविले से था। उसने कहा, "कुछ वर्षो पहले, जब उस बडे महामारी ने लुइसविले में प्रहार किया था।" कहा, "यदि लोग खड़े होते, जहाँ पर मैं खड़ा था, और मैंने देखा कि एक ही समय पर श्वास लेने की नली के साथ संतावन पुरुष और स्त्रीयां या लड़के और लड़कियों जो उस 'पोलियो' कहलाने वाले बीमारी से लकवाग्रस्त हुए थे, और इसके लिए कुछ भी नहीं किया जा सका था।" कहा, "मैं इस तरह की चीज को फिर से नहीं देखना चाहता हूं।"

49 लेकिन विज्ञान ने सोचा "यदि इस तरह की पोलियो जैसी एक हानिकारक चीज है, तो निश्चय ही इससे लड़ने के लिए कुछ तो होना है।" वे लडे, वे रास्ते पर जूतों के साथ उतर आये, वे अग्नि दल वाले, उन्होंने टोपियो को निकाल कर, विनंती की, समय को गवाया, उन्होंने हर एक चीज को किया, चाबी को पाने का यत्न कर रहे थे, उस दरवाजे को खोलने के लिए ताकि आज़ादी को पाये। और अत:, एक मसीही सज्जन व्यक्ति जिसका नाम साल्क था, उस दवाई को ढूंढ लिया। क्यों? वहां पर एक घातक बात दांव पर थी, वहां पर एक खात्मा करने वाली चीज दांव पर थी; वहां पर कहीं तो एक चाबी थी जो फिर से मनुष्य के लिए आजादी को खोल सकती है और साल्क का टिका उसके लिए एक बहुत बड़ा इलाज था। ओह, वो ही चाबी क्या सकती है! उस टिके को लाया गया था, और अब इस दवाई के द्वारा पोलियो को कुचला जा रहा है, ये क्यों हुआ था, "वे कभी भी थके नहीं, और कभी भी उन्होंने छोड़ा नहीं," यह चाबी कही तो रखी हुई थी। इसमें से उन्होंने कुछ तो टिका बनाया, और वे इसे ढूंढने के लिए अटल थे।

50 और यदि ऐसी कुछ घातक चीजें है, जैसे पोलियो, डिप्थीरिया,स्मॉल पॉक्स, पिला बुखार, टिटनेस, लॉकजो, और इत्यादि, जो विज्ञान... इन घातक बीमारियों से, दिन और रात लड़ने में सक्षम हुए थे, जब तक उन्होंने

इसमें से एक टिके को ढूंढ नहीं लिया, क्योंकि यह घातक थी, खत्म करने वाली, वहां एक मनुष्य के उद्धार के लिए कितनी और अधिक एक चाबी होगी, जो पाप के कैदखाने में है? वहां एक उस द्वार के लिए चाबी है ताकि मनुष्य को इससे स्वतंत्र करें।

51 एक चाबी, हमेशा ही, ताले में घुमायी जायी है, और, जब आप चाबी को पाते हैं, उसके लिए वहां पर कुछ खजाना होना है, कुछ तो जो लाभप्रद हो, या आप इसे कभी बंद भी नहीं करेंगे। यदि इसका बंद करने का कोई लाभ नहीं है तो, आप इसे ऐसे ही छोड़ देंगे। लेकिन जब इसे बंद करने का लाभ हो! इसलिए एक चाबी आम तौर पर किसी बात के लिए होती है, या मार्ग में प्रवेश करने के लिए, जो कुछ तो लाभप्रद है। वो चाबी, जिसके लिए ये है, अब, यह कुछ तो खोलेगी, जो लाभप्रद है।

52 अब हम संत यूहन्ना दसवे अध्याय में पढ़ते हैं, यीशु ने कहा, "मैं भेड़ो का द्वार हूं। मैं वो द्वार हूं," उसने *एक* द्वार नहीं कहा, "*वो* द्वार, केवल वही वो द्वार है। मैं मार्ग हूं, केवल वही मार्ग है, वो सच्चाई हूं, वो जीवन हूं, कोई भी मनुष्य बिना मेरे पिता के पास नहीं आ सकता। मैं वो भेड़ो का द्वार हूं, जो भी मेरे पीछे से आते हैं वे शत्रु, चोर और डाकू है।" वह भेड़ो का द्वार है। वह उद्धार का द्वार है।

53 "वहां पर आकाश के नीचे, और कोई नाम नहीं दिया गया है जिसके द्वारा आपको बचाया जाये, ये केवल यीशु मसीह के नाम जरिए से ही है।" कोई भी कलीसिया नहीं, ना संप्रदाय, ना संस्था, कोई भी सिद्धांत नहीं; केवल यीशु के नाम के द्वारा है। यही—यही वह चाबी है। कोई आश्चर्य नहीं उनमें से एक को पतरस ने पेंटीकोस्टल के दिन पर इस्तेमाल किया! वे जानना चाहते थे उस द्वार के अंदर कैसे प्रवेश करे। उसने चाबी का इस्तेमाल किया। और केवल एक ही चाबी है, क्योंकि वहां पर केवल एक ही वो द्वार है। "मैं वो द्वार हूं।" पतरस के पास इसकी वो चाबी थी। और उसने कहा, "तुम में से हर एक पश्चाताप करो, और अपने अपराधों की क्षमा के लिए यीशु मसीह के नाम में बपतिस्मा ले और तुम परमेश्वर के खजाने को पाओगे।" यह वो द्वार के लिए चाबी है, और यीशु वो द्वार है।

वहां पर चंगाई के लिए केवल एक ही द्वार है, और यीशु वो द्वार है।

54 वहां शांति के लिए केवल एक ही द्वार है। जी हाँ। "मैं तुम्हें अपनी शांति देता हूं।" केवल उस सच्ची शांति के लिए एक ही द्वार है। हो सकता है आप

सोचे आपके पास शांति है। आपने हो सकता है इतना पैसा इक्कठा किया होगा कि अपने लिए घर को खरीदें, आपने हो सकता है इतना पैसा इक्कठा किया होगा कि अपने बच्चों को कपड़े लेकर दे, खाने के लिए भोजन ले, लेकिन आपने इतनी प्रसिद्धि को इक्कठा किया है, ताकि लोगों के बीच में प्रसिद्ध बन जाये। लेकिन आप उस रात को जूते के फिसलकर गिरने लगते है, केवल एक चीज आपको शांती दे सकती है। वही है, यदि आप जानते है, आप उस रात मरने वाले थे, वहां केवल एक ही शांती है, और, वो यीशु ही शांती है।

55 वो हमारी शांती है। वो हमारी चंगाई है। "मैं तुम्हारा प्रभु परमेश्वर हूं, जो तुम्हारे सारे रोगों को चंगा करता है।"

56 वो स्वर्ग के लिए द्वार है। और वहां कोई और द्वार नहीं है या कोई और मार्ग नहीं है सिवाय यीशु मसीह के। वो स्वर्ग के लिए द्वार है।

57 और अब यीशु इन सारी चीजों के लिए वो द्वार है, और विश्वास वो चाबी है, जो उस द्वार को खोल देती है। अब, यदि यीशु इन सारी परमेश्वर की प्रतिज्ञाओं के लिए वो द्वार है, उसके समाप्त हुए कार्य में विश्वास करे जो हर एक द्वार को खोलता है, हर एक खजाने के लिए, जो वहां परमेश्वर के राज्य के अंदर है। इसे समझे? चाबी... विश्वास वो चाबी है, जो हर एक प्रतिज्ञाओं को खोल देती है, जो प्रतिज्ञा वो करता है। वो विश्वास की चाबी इसे खोलती है। उसके समाप्त हुए कार्य में विश्वास करे। ये वो चाबियां है जिस पर हम बोल रहे हैं।

58 अब इब्रानियों के 11 वे अध्याय में, मैंने यहां पर उनके लिए एक बहुत बड़ी श्रृंखला को लिख कर रखा है, इन विश्वास के नायको के लिए। ये उस द्वार के—के लिए चाबी थी, जिसने शेरो के मुंह को बंद किया। ये वो विश्वास की चाबी थी, जिसने कैद खानों को खोल दिया। यह वो विश्वास था, विश्वास की चाबी, जिसने आग की तीव्रता को ठंडा कर दिया, तलवार की धार में से बच निकले, मुर्दों को वापस जीवन के अंदर लाया गया। ये वो विश्वास था, जीवित परमेश्वर में विश्वास की चाबी। ये उन पुरुष, उन महिलाओ के हाथ थे जो विश्वास की चाबी को ले सकते थे, जो परमेश्वर के द्वारा की हुई हर एक प्रतिज्ञा को खोल सकते थे। लेकिन यदि आपके पास वो चाबी नहीं है तो आप केवल धकेल रहे होते है, आप इसे कभी नहीं खोल सकते हैं। आप इस पर मारते रहेंगे, क्योंकि यह चाबी...

59 किसी भी सही तरीके की बनी हुई चाबी पर ताले के अंदर लीवर होता है, और इसे विशेष बनाया जाता है, जो एक विशेष तरीके का उन चाबियों के आकार का होता है ताकि उन लीवरो को घुमाये। और केवल एक छोटा सा लीवर थोडा भी इधर उधर हो जाये, ये सारी गड़बड़ को कर देगा।

60 इसीलिए मैं उस पुरे सुसमाचार पर विश्वास करता हूं, परमेश्वर के हर एक वचन पर, जो परमेश्वर की सामर्थ को घुमाकर आजाद करता है, जो लोगों के लिए उसकी आशीषों को घुमा देता है। यह द्वार के लिए चाबी है, जो इसे खोल देती है। ओह, वे महान नायक, वे भविष्यवक्ता और बाइबल के महान पुरुष, जिनके पास वो चाबी थी! इसी कारण से वे शेरो के मुंह को बंद कर सके, आग की ज्वाला को ठंडा कर सके, तलवार की धार में से बच निकले, और मुर्दों को वापस जीवन के अंदर लेकर आये, और सब प्रकार के चमत्कारों को कर सके, क्योंकि वे उस चाबी को पकडे हुए थे, और वे जानते थे कि यह कार्य करेगी, क्योंकि ये एक वचन से जन्मी वो चाबी थी।

61 अब, यदि मैं एक संस्था की चाबी के साथ धकेलता हूं, मैं नहीं जानता यह क्या करेगा। यदि वे कहते है "मेरी कलीसिया *ये* सिखाती है" मैं इसके बारे में कुछ नहीं जानता।

62 लेकिन जब बाइबिल इसे सिखाती है, और मेरे हाथों में चाबी को पकड़ता हूं, या मेरे ह्रदय में, जो कहता है, "यही परमेश्वर का वचन है," जो अग्नि की तीव्रता को ठंडा कर देगा, ये बीमार के लिए चंगाई को खोल देगा, यह खोए हुओ के लिए के लिए उद्धार को खोल देगा। मुझे उस द्वार पर आना होगा, हर एक चीज उसके नाम में है, "जो कुछ भी तुम वचन या काम में करते हो, सब कुछ उसके नाम में करो।" ये जानते हुए जो आपके पास चाबी है वो विश्वास है, क्योंकि ये वचन की बनी हुई चाबी है। अब, यदि ये एक संस्था की चाबी है, संप्रदाय की चाबी है, मैं नहीं जानता ये क्या करेगी। लेकिन यदि यह एक वचन की चाबी है तो ये खोल देगी, क्योंकि परमेश्वर ने ऐसा कहा है। अब, ओह, कोई आश्चर्य नहीं वे अग्नि की तीव्रता को ठंडा कर सके और इत्यादि, उनके पास वो चाबी थी।

63 परमेश्वर का पहला ही इशारा जो उन भविष्यव्यक्ता में से एक के लिए होता था, कोई भी उन्हें रोक नहीं सकता है। परमेश्वर को ऐसा नहीं करना पड़ा, जैसे उसे कभी-कभी मेरे साथ करता पड़ता है, मुझे बार-बार इसे

बताता रहता है, और शायद आप (मैं आशा नहीं करता), लेकिन मुझे बताता रहता है “जाओ *ऐसा* करो,” और “वापस जाकर इसे फिर से करो, तुमने इसे ठीक से नहीं किया।” केवल एक छोटा सा इशारा! बस केवल वे इसे अनुभव करते कि ये आत्मा उन्हें बता रहा है, “इस काम को तुम्हे करना है,” और उन्हें कोई भी नहीं रोक सकता है। भाई, उन्होंने—उन्होंने—उन्होंने शेरों के मुंह को बंद किया, तलवारों की धार से बच निकले, उन्होंने अग्नि को ज्वाला को ठंडा किया, उन्होंने हर एक चीज को किया। केवल परमेश्वर से एक छोटा सा इशारा, क्योंकि वे अपने हाथ में उस चाबी को पकड़े हुए थे, उस महान विश्वास को! उन्होंने इन चीजों को परमेश्वर के लिए किया, इसलिए उन्हें कोई नहीं रोकेगा। ओह, क्या ही महिमामय बात है!

64 जैसे कि एक समय वो नौजवान पुरुष, एक वृद्ध भाई के पास आया जो कि एक धर्मी मनुष्य था, एक परमेश्वर का बुढा भविष्यव्यक्ता। और उसने सुना कि वो मनुष्य निरंतर परमेश्वर की गवाही को दे रहा है, निरंतर परमेश्वर की अच्छाइयों को बता रहा हैं और वो परमेश्वर कैसा था, मसीह क्या था, बस आगे बढ़कर, बताते जा रहा हैं। अत:, इस जवान पुरुष को सेवकाई में नियुक्त किया जाना था, तो वह इस बूढ़े संत के पास आया, और उसने उससे कहा, “श्रीमान, मैं आपसे एक सवाल पूछना चाहता हूं।”

उसने कहा, “पुछो, नौजवान पुरुष।”

65 उसने कहा, “क्या सचमुच मसीह आपके लिए उतना ही महत्व रखता है, जैसे आप इसे बताते हैं कि ये रखता है?”

66 उसने कहा, “यह मेरे लिए उससे ज्यादा महत्व रखता है जितना मैं हमेशा बोलने के लिए सांस को ले पाता हूं!” आप वहीं पर हैं। यह क्या था? उसने उस चाबी को पा लिया था।

67 उस बात पर जवान पुरुष ने कहा, “यदि आप इन चीजों का दावा करते हैं, और आप मुझसे कहते है, ये उतना ही वास्तविक है जितना कि आप, मैं उसी यीशु को, उसी सच्चाई में जानना चाहता हूं।” यह क्या था? वह जान गया था कि उस बूढ़े मनुष्य ने एक चाबी को पकडा हैं, जो खोल सकता है और बंद कर सकता है।

68 आप जानते हैं, एक चाबी जो बंद करती है, और खोलती भी है। समझे? आप खोल सकते हैं, और बंद कर सकते हैं। यही सही बात है। वही चाबी

जो खोलती है, बंद करती है। वो चाबी जो खोल सकती है, बंद कर सकती है। और यह बिल्कुल ऐसे ही है, देखिए, क्योंकि ये दोनों ही काम को करती है। ये कितनी दयनीय बात है, कि कलीसिया ने हमेशा के लिए उस दर्शन को खो दिया है! क्या ही यह दुख की बात थी जब कलीसिया ने खुद को संस्था के लिए बेच दिया था, जैसे हमने आज किया है, और अब वे एकता के लिए बुला रहे हैं।

69 हमने देखा है जहां पर वह रोमन वर्गीकरण और वे लोग मिलने जा रहे हैं, वे अपने कुछ कार्यकर्मो को बदलने जा रहे हैं। मैंने सोचा कि वे नहीं बदले; वह कैसे भी बदलने जा रहे हैं, हर एक याजक को एक पोप का अधिकार देंगे और—और जहाँ पर भी वो होने दो और इत्यादि। ये कितनी दयनीय बात है, वो कलीसिया वचन के बजाए, हमेशा के लिए संप्रदाय के लिए बिक गयी है। देखा? यही है जहां पर उन्होंने चाबी को छोड़ दिया है, ठीक वहीं पर। यही वो कारण है वो बडे अद्भुत कार्य और वे चिन्ह आज लोगों के बीच में नहीं होते हैं, जो हुआ करते थे, उन्होंने चाबी को खो दिया है! जी हाँ! वे उस दरवाजे को जानते हैं, वे जानते हैं वहां पर दरवाजा है, लेकिन अगली चीज वो चाबी है, उस दरवाजे को खोलने के लिए। वो खजाना दरवाजे के पीछे है। जो अविश्वासियो की दृष्टि से ओझल है, लेकिन जिसके पास विश्वास है, जो विश्वास की चाबी को ले सकते है, इन दरवाजो को खोल सकते हैं। जी हाँ, श्रीमान।

70 एक समय यहां कुछ वर्ष पहले, एक मशीनरी भाई था, और उसने महसूस किया कि उसकी अफ्रीका के लिए एक बुलावट थी। वह एक जवान व्यक्ति था; और पत्नी और उसके दो बच्चे थे, बहुत सुंदर छोटी, लगभग सात और आठ वर्ष की उम्र की लड़कियां थी, वे हर एक जन थे। और ये नौजवान पुरुष वो इनसे दूर नहीं जा पा रहा था। वो एक—एक सेवक था, उसके पास उस देश में एक अच्छी कलीसिया थी। लेकिन वो बस उस बुलावट से दूर नहीं जा सका, उसे "अफ्रीका में जाना ही था।" और उसने दिन और रात प्रार्थना की। वो वहां पर नहीं जाना चाहता था। और परमेश्वर उससे बातें कर रहा था, "तुम्हे अफ्रीका जाना ही होगा!" और अत: वो एक ऐसे स्थान पर आया जब उसे एक निर्णय को लेना पड़ा, जहाँ, उसे—उसे जाना अवश्य है।

71 इसलिए वो अपने कलीसिया के मिशन समिति के पास गया, और

उसने कहा, “परमेश्वर ने मुझे मिशन कार्य के लिए बहुत दूर रोहडेसिया के—के जंगल में बुलाया है।” और ये जंगल मलेरिया और बुखार से ग्रस्त है, और उस सूर्य की गरमी से, महामारी और कोढ की बीमारी, और सब प्रकार की बीमारियां इस जंगल में थी, जहां पर उसे कार्य करना था, उसके बाकी के जीवन को बिताना था। उसने अपने घर को बेच दिया और जो कुछ भी उसके पास था। तो मिशन सिमिति उसे परखना चाहती थी। और उन्होंने कहा, “क्या अब तुम निश्चित हो? ”

उसने कहा, “मैं पूरी तरह से निश्चित हूं।”

72 उन्होंने उससे कहा, “श्रीमान, क्या तुमने इस तरह से सोचा है कि तुम्हारी दो छोटी सुंदर लड़कियां हैं, और तुम्हारी एक—एक प्रिय नौजवान पत्नी है, और यदि तुम केवल... तुम पहले वहां पर जाकर क्यों नहीं देखते कि यह कैसा है और वापस आ जाते? ”

73 उसने कहा, “नहीं, प्रभु, ने मुझे बताया है, यह बिल्कुल वास्तविक है!” उसने कहा, “प्रभु ने मुझे बुलाया है, और मैं अपने घर को नहीं छोड़ना चाहता। और मैं—मैं अपनी कलीसिया को नहीं छोड़ना चाहता हूं, मैं अपने लोगों को नहीं छोड़ना चाहता, लेकिन प्रभु ने मुझे वहां दूर उस जंगल में बुलाया है।”

74 और उसने कहा, “श्रीमान, क्या तुम जानते हो, तुम्हारी छोटी लड़कियों को पीला बुखार या ब्लैकवाटर बुखार हो सकता है, वे एक ही रात में मर सकते है? ” और उसने भिन्न−भिन्न लोगों का हवाला दिया कि उन्होंने उनके बच्चों को खो दिया, वे छोटे बच्चे, उन्हें वहां पर लेकर जाना, जो बीमारियां वहां पर थी उसके लिए कोई टिका नही था। और कहा, “उस कोढ के बारे में सोचो, तुम्हारी सुंदर पत्नी और तुम्हारे दो छोटे बच्चे कोढ़ के साथ है, और तपता हुआ सूरज और इत्यादि तुम उन पर इसे लाओगे।” कहा, “क्या तुम्हे डर नहीं लगता, और बच्चों और तुम्हारी पत्नी को एक ऐसी जगह पर ले जाना खतरे की बात है।”

75 और यह मशीनरी वहां पर खडा हो गया, वह नौजवान पुरुष, और उसके गालों से आंसू बहकर गिरने लगे, वो पीछे घुमा और उसने कहा, “मेरे भाइयों! मेरे पास परमेश्वर का बुलावट का दर्शन है,” उसने कहा, “यदि परमेश्वर ने मुझे अफ्रीका के लिए बुलाया है, मेरा बच्चे और मेरा परिवार, वे संसार में किसी भी जगह से बढकर, अफ्रीका में सुरक्षित रहेंगे।” आमीन।

यह क्या था? उसके पास उसकी बुलावट के लिए चाबी थी, उसका उस बात में विश्वास था, जिस बारे में वो बोल रहा था। ओह, मैंने सोचा, क्या ही साहस की टिप्पणी है! जब मैंने पहली बार इसे सुना, मेरा हृदय उछल पड़ा। देखो, "यदि परमेश्वर ने मुझे अफ्रीका के लिए बुलाया है, मेरा बच्चे उस कोढ़, महामारी में और इत्यादि जो भी है, संसार में किसी भी जगह से बढकर सुरक्षित रहेंगे।" उसके पास वह चाबी थी। यही है जो इस चीज को ले लेता है।

76 जब आपके पास वो चाबी होती है, कोई डर नहीं होता, कोई संदेह नहीं होता, कोई सवाल नहीं होता। आपको किसी से भी इसके बारे में पूछना नहीं होता है, आप सही तरीके से जानते हैं। आपके हाथों में ये होती है, आप जानते हैं कि क्या करना है। आमीन। आप जानते हैं कि इसका परिणाम क्या होना है, आप जानते है कि द्वार खुलने जा रहे हैं। आपने लिवरों को जांचा है आप जानते है ये पूरी तरह से सही चीज हैं, द्वार आसानी से खुल जाएगा, जब आप इसके अंदर चाबी को डालेंगे।

77 ओह, यदि कलीसिया केवल उस चाबीयों को प्राप्त कर लेती है! यदि कलीसिया केवल उस विश्वास की चाबी को प्राप्त कर लेती है, हम किसी भी दरवाजे को खोल सकते हैं, कोई भी बीमारी को, कोई भी महामारी, वहां पर कोई भी बात होने दो। यह हमारे लिए खुल सकता है, यदि हम केवल चाबी को प्राप्त कर लेते हैं। इस मनुष्य के पास उसके बुलावट की वो चाबी थी।

78 आप मुझे मेरी व्यक्तिगत गवाही के लिए क्षमा करें। मुझे याद है अब से लगभग पंद्रह, सत्रह वर्ष पहले, लगभग, जब प्रभु ने वहां नीचे उस नदी पर मुझसे कहा, जब वो अग्नि के स्तंभ में उतर आया, जिसकी तस्वीर आप देखते है, और उसने मुझसे बातें की और उसने कहा, "तुम्हे सारे संसार में सन्देश को लेकर जाना है।"

और मुझे याद है उस ग्रीन मिल्स पर, जब उसने मुझसे बातें की थी।

79 और मैंने जाकर और पास्टर को बताया, और उसने मुझसे कहा, "बिली, उस रात को तुमने क्या खाया था? तुम्हे एक बुरा सपना आया था।" उसने कहा, "अपने काम पर तुम वापस जाओ। तुम जानता की सेवा की कंपनी में काम करते हो, तुम्हारे पास एक अच्छा काम है, बेटे, वापस जाकर और अपने—अपने काम पर ध्यान दो।" कहा, "तुम्हे एक बुरा

सपना आया था। तुमने ऐसा कुछ खाया होगा।” इससे मैं थोड़ा भी हताश नहीं हुआ!

80 जब मैंने चंगाई की सभाओ को आरंभ किया, आपमें से बहुत से लोगो को यहां पर मेरा उस सुबह का संदेश याद होगा, *जब दाऊद गोलियात से मिलने के लिए गया,* मैंने उस पर प्रचार किया।

81 और उन्होंने मुझे बताया, उसने कहा, “आधुनिक विज्ञान के दिन में, जब हमारे पास सब के प्रकार की मेडिकल शोध है, जब हमारे पास सबसे उत्तम डॉक्टर है, जब कलीसिया बहुत पहले दैविक चंगाई और बातों को बहुत, बहुत वर्षों पहले भूल चुकी है, भला तुम इस तरह के बडे दानव का कैसे सामना करोगे? भला कैसे तुम मेथोडिस्ट, बैप्टिस्ट, प्रेस्बिटेरियन, और इत्यादि, और यहाँ तक पेंटीकोस्टल के सामने चलकर जाओगे, जो इसे बहुत समय पहले भूल चुके हैं, और उनके संप्रदाय के अंदर चले गए हैं? भला आप बिना संप्रदाय के, और किसी के भी कैसे सामना करेंगे, जो आपका समर्थन करे? आप क्या करोगे, बिल?” एक और, इससे मैं किसी भी तरह से थोड़ा भी हताश नहीं हुआ, क्योंकि मैं अपने हाथों में एक चाबी को पकड़े हुए था! मैंने कहा... उन्होंने कहा, “कोई भी आपका विश्वास नहीं करेगा। आप इसे नहीं कर सकते हो। कोई भी आपका विश्वास नहीं करेगा।”

82 मैंने कहा, “मैं परवाह नहीं करता। वहां पर एक बात तो पक्की है; परमेश्वर ने मुझे बुलाया है, और मुझे जाना ही होगा क्योंकि परमेश्वर ने मुझे बुलाया है।” मैं चाबी को पकड़े हुए था। उसने मुझे बुलाया था, उसने मुझे दिखाया था, मुझे बताया था, मैंने उसकी उपस्थिति को देखा है, जब उसने मुझे कार्यआदेश को दिया और वो चाबी वहां पर थी!

83 पास्टर ने कहा, “सातवी कक्षा की पढ़ाई को लेकर, और तुम प्रचार करोगे, और राजाओ और शासकों के सामने प्रार्थना करोगे!”

मैंने कहा, “यह उसके वचन के अनुसार है!”

84 लगभग पिछले वर्ष इसी समय, या एक या दो हफ्ते पहले, जब मैं यहाँ कलीसिया में आया था, आपको बताया कि प्रभु परमेश्वर ने मुझे... मुझे शिकार के दौरे पर जाते हुए दर्शन दिया था, और किसी एक—एक जानवर को मैं ढूंढ रहा था, इसके ऊपर चौदह इंच के सिंग होने थे। और जानवर को ढूंढने के लिए वापस उस रास्ते पर जा रहा था। (कहां पर वो

पड़ा होगा, ये क्या अवस्था में होगा) वापस उसी रास्ते पर आ रहा था, मैं उस एक चांदी रंग का अमेरिकन जाति के भालू को मारने जा रहा था। और मैं यहाँ किसी विभाग पर गया, मैंने एक व्यक्ति से बात की, और उसने कहा, "मैं ऐसे किसी जानवर को नहीं जानता जो ऐसा दिखाई देता है। और जहां तक अमेरिकन जाति के भालू की बात है, मैंने कभी एक भी नहीं देखा है।"

मैंने कहा, "लेकिन यहाँ कहीं पर तो इसे होना है।"

85 इसलिए उसने कहा, "हम यहां तक भालू के क्षेत्र में जाते भी नहीं है। हम भेड़ो के लेकर ऊपर जाते हैं, जो पेडो की रेखा बहुत ही ऊपर है।" तो, मैं उसके साथ चला गया।

86 और मैं दूसरे दिन निकल गया, उसी स्थान पर, बिल्कुल वही जहां प्रभु ने कहा, वहां पर वो जानवर पड़ा मिला। तो मैंने वहां जाकर उस जानवर को लिया, और हम उसकी चमड़ी और सींगो को और इत्यादि को निकाल रहे थे। उसने कहा, "मैं आपसे कुछ पूछना चाहता हूं। तीन दिन पहले, जब हम तंबू से निकले आपने मुझे बताया, आपके इस एक विशेष पशु को मारने के बाद, उस रास्ते पर बताया कि आप 'चांदी रंग का अमेरिकन जाति के भालू को मारने जा रहे है।'"

मैंने कहा, "यही यहोवा यो कहता है वाला वचन है!"

87 कहा, "मैं संदेह नहीं कर रहा हूं," उसने कहा, "क्योंकि मेरा भाई एक मिर्गी का रोगी था। और आपने उसे जीवन में कभी भी नहीं देखा था। एक बार जब आप यहाँ ऊपर थे और आपने मुझे बताया कि वह लड़का चंगा होने जा रहा है, जब मैंने किसी बात को किया। और वो चंगा हो गया था।" उसने कहा, "अब, लेकिन भाई ब्रन्हम, मैं आपसे कुछ पूछना चाहता हूं," उसने कहा, "सारे रास्ते पर मैं देख सकता हूं उस पहाड़ पर जहां पर वो पेड़ की सीमा है, वे घोड़े खड़े है। वहां पर कुछ भी नहीं है। वहां पर एक घास का तिनका भी नही है, एक चट्टान भी नहीं है, वहां कुछ भी नहीं है।" केरीबू मोस, जो कि लगभग दो इंच ऊपर है, पेड़ो की सीमा के ऊपर, एक मील या पेड़ो की सीमा से भी ज्यादा ऊपर है। कहा, "वो भालू कहाँ पर होगा।"

88 मैंने कहा, "परमेश्वर यहोवा यीरे है। यदि वो मुझे बताता है कि वहां पर एक भालू होगा। वहां पर एक भालू को होना है।"

89 नीचे पहाड़ पर, लगभग हर समय हम एक आधा मील या इत्यादि तक नजदीक पहुँचे, उसने कहा, "भाई ब्रन्हम, यही इस भालू के आने का समय है।"

मैंने कहा, "चिंता मत करो, वो यही पर होगा।"

90 और जब हम लगभग पांच सौ यार्ड के अन्दर ही थे, जहां पर वे घोड़े थे, हमें फिर से विश्राम करना था, क्योंकि हम उस भारी सींगो और इत्यादि को हमारे पीठ पर लिए हुए थे। और उसने वापस यहां-वहां देखा, और मैंने उसके चेहरे को देखा, जब वह मुझे देख रहा था, जैसे वो उसके हृदय में कुछ तो वो सोच रहा था। देखो, उसने इसकी *आशा* की थी कि वो भालू वहां पर होगा, लेकिन उसके पास वो चाबी नहीं थी।

91 लेकिन कुछ भी हो, परमेश्वर के अनुग्रह के द्वारा उसने मुझे कभी भी विफल नहीं किया, जब उसने मुझे बताया था कि वहां पर एक चांदी रंग का अमेरिकन जाति का भालू होगा, मेरे पास वो चाबी थी। मैंने इस पर थोडा भी संदेह नहीं किया, जरा भी नहीं। मैं उसकी ओर घुमा और मैंने कहा, "बड, ये वहां पर होगा।" और जैसे ही मैं मुडा, वहाँ पर वो भालू था [टेप पर खाली स्थान—सम्पा।] जो ठीक हमारे ऊपर था, लगभग आधा मील की दुरी पर।

92 उसने चश्मे को निकाल दिया और उसने कहा, "बिली, तो मेरी सहायता करना, ये वो एक बड़ा चांदी रंग का अमेरिकन जाति का भालू है।"

93 देखो, वो चाबी, एक दर्शन, वो प्रभु का वचन कोई भी इसे बदल नहीं सकता हैं या इसे रोक सकता हैं। आज रात कलीसिया की क्या आवश्यकता है, एक पढ़ाई- लिखाई की नहीं। आज रात कलीसिया की क्या आवश्यकता है, एक संप्रदाय की नहीं। आज रात कलीसिया की क्या आवश्यकता है, संस्था की नहीं। आज जो कलीसिया की आवश्यकता है वो वचन के लिए चाबी है, उस द्वार के लिए। जो, मसीह वो द्वार है, और वो वचन है। जीवित परमेश्वर के वचन में विश्वास जो हर एक द्वार को खोल देता है।

परमेश्वर, हमें वो चाबी दीजिये। हमें वो चाबी दीजिये।

94 इब्रानियों 12 अध्याय कहता है, "इस कारण जब की गवाहों का ऐसा बड़ा बादल हम को घेरे हुए है, तो आओ, हर एक रोकने वाली वस्तु,

और उलझाने वाले पाप को दूर करे।" ये कहता है, "पाप," जो *पाप* "अविश्वास" है। समझे? केवल एक पाप, यह अविश्वास है।

95 और *पाप* का मतलब "निशाने से चुक जाना।" जैसे आप बंदूक को चलाते हैं, आप निशाने से चुक जाते हैं, अच्छा होगा कि आप अपनी बंदूक को बराबर कर ले, क्योंकि वहां पर कुछ तो गलत है। आप निशाने से चूक गए हैं। देखो, वापस आकर और फिर से इस पर कोशिश करें। देखा? इसका अर्थ है कि वापस मुडे, आप निशाने से चुक गए हैं। जब आप एक मसीह बनना चाहते हैं, और आप कलीसिया से जुड़ना चाहते हैं, आप निशाने से चुक गए हैं। जब आप एक मसीह बनना चाहते हैं, और आप पर "पिता, पुत्र और पवित्र आत्मा" के नाम से छिड़काव किया जाता है, आप निशाने से चुक गए हैं। अच्छा होगा कि आप वापस आए। आप उस लक्ष्य पर नहीं बने हुए है। आप बिखर जायेंगे, बिल्कुल वैसे ही जैसे संसार है। वहां पर केवल ही चीज है जो आपको सिद्ध रेखा पर पकड़ कर रख सकती है, वो पवित्र लेख है, वो बाइबिल है, वो वचन है। क्योंकि आकाश और धरती टल जायेंगे, लेकिन परमेश्वर का वचन कभी भी नहीं टलता है।

96 इसलिए, चाबी को पकड़े रहे, वचन में विश्वास रखें! और हर एक विश्वास का अंश, जिसे आप भरोसा करते है, और एक भी बूंद पर संदेह न करें, आप हर एक द्वार को खोल सकते हैं, जो आपके और आशीषों के बीच में खड़ा होता है, जो परमेश्वर की आशीषे आपके लिए है। होने पाये परमेश्वर, हमारे पास चाबियां होने के लिए हमारी सहायता करें, यह मेरी प्रार्थना है। आइए अब हमारे सिरों को प्रार्थना के शब्द के लिए झुकायेंगे।

97 हमारे स्वर्गीय पिता, हम आपका आज रात धन्यवाद देते हैं कि आपने हमें एक चाबी को दिया है, ताकि हमारे लिए उद्धार को खोल दे। मैं—मैं आपका इसके लिए धन्यवाद देता हूं, प्रभु, कि हम बच गए है, और उस चाबी के लिए जिसका हम यहाँ तक इस्तेमाल कर सकने में सक्षम हुए हैं। लेकिन, परमेश्वर, हमें विश्वास दीजिये, कि ये हर एक वचन जो आपकी किताब में लिखे हुए, जो छोटे–छोटे लीवर है, और ये चाबी जो यीशु कहलाती है... मेरा मतलब वो द्वार, जो यीशु कहलाता है; और वो चाबी, जो विश्वास कहलाती है, हर एक वचन को छुती है, ये इसे खोल देती है। यह उस छोटे लीवर को नीचे घुमाती है, और हम उस आशीष के अंदर प्रवेश कर सकते हैं। स्वर्गीय पिता हमें वो चाबियां देना, जिससे कि

हमारे पास परमेश्वर की प्रतिज्ञाओ पर वो विश्वास हो सके, जिससे हमारा विश्वास कभी भी विफल नही हो सके, जिससे कि हम आपके लिए एक सेवा को कर सके और उनके लिए जो इससे जुड़े हुए हैं।

98 हमारे अविश्वास के हर एक पाप को क्षमा करें, प्रभु, हमें आपका बनने के लिए हमारी सहायता करें। अब हम उस प्रभु भोज की मेज पर आ रहे हैं, और मैं प्रार्थना करता हूं, स्वर्गीय पिता, आप हमारे सारे अपराधो के लिए क्षमा करेंगे, जिससे कि हम आनंद की संगती के अंदर प्रवेश कर सके जो परमेश्वर की मेज के पास है। हम इसे यीशु के नाम में मांगते हैं। आमीन।

99 मेरे भाइयों और बहनों, यदि आपके पास राज्य की वो चाबी है, उस द्वार के लिए चाबी है, उद्धार के लिए चाबी, परमेश्वर आपको द्वार को खोलने के लिए सहायता करे, और यीशु अंदर आ जाए। वो आपको उन चीजो को दे, जिसके लिए आप बहुत—बहुत अधिक इच्छा को रखते है।

100 अब, कुछ समय के लिए, इससे पहले हम प्रभु भोज पर वचन को पढे। मैं एक बात को बताना चाहता हूं, क्योंकि ये बातें प्रभु भोज पर है। और जब हम इस वेदी पर आते हैं, वहां पर आने के लिए केवल एक ही जरिया है, वो ये है, यदि हमारे हाथों में हम विश्वास की चाबी को पकड़े हुए हैं, जो हमें जानने को लगाता है कि हमारे पाप क्षमा किए गए हैं। और यदि हमारे पास उस द्वार को खोलने के लिए वो चाबी नहीं है कि हमारे पाप क्षमा किए गए हैं, हमारे पास प्रभु की मेज पर कोई काम नहीं है। क्योंकि जो खाते पिते समय प्रभु की देह को न पहचाने, वह इस खाने और पीने से अपने ऊपर दण्ड को लाता है। अब, यह सच्चाई है।

101 मैं सोचता हूं कि हम सब जानते हैं कि आज राष्ट्रीय प्रभु भोज दिवस है। यह वो दिन है कि सारी कलीसियाये प्रभु भोज को लेती है। यह राष्ट्र के लिए राष्ट्रीय प्रभु भोज दिवस है। और मैंने सोचा कि उचित होगा कि इससे पहले हम इसे ले, प्रभु भोज पर एक या दो शब्द बोलूं, जब पास्टर, यदि वह चाहे, तो वचनों को पढने की तैयारी करे, प्रभु की मेज पर आने के लिए। अब, यह प्रभु भोज... अब, मैं ज्यादा समय नहीं लूंगा, लेकिन केवल लगभग दस मिनटों के लिए।

102 यह प्रभु भोज जो हम करने जा रहे हैं, यह बाइबल के किसी भी सिद्धांत से सब से बडे विवाद में रहा है। यह उनका... पूर्व कलीसिया के उनके पहले विवादों में से एक था। और आज प्रोटेस्टेंट, एपिस्कोपलिन

की, और मेथोडिस्ट और बहुत से प्रोटेस्टेंट कलीसिया है, जो खुशी से कैथोलिक, रोमन कैथोलिक के सिद्धांत को स्वीकार करते है, कि यदि वे प्रभु भोज के छोटे टुकड़े को ले सकते है। लेकिन उन्हें सहमत होना होगा कि याजक विवाहित होना चाहिए और सेवक होना चाहिए, वो कैथोलिक कलीसिया बहुत सी बार उनके सम्मेलनो और सभाओ पर सहमत हुए हैं। और वे इस पर सहमत हुए हैं। वे भिन्न–भिन्न प्रार्थनाओं पर सहमत होंगे, और इत्यादि, वो प्रोटेस्टेंट कलीसिया इस पर सहमत होती है। और वह धार्मिक शिक्षा और इत्यादि, छोटा सी वेदी यहाँ पर हो, और वहां पर हो, कैथोलिक कलीसिया इसे करने की इच्छा रखती है। जब यह प्रभु भोज पर बात आती हैं, तो वहां पर वे चुक जाते है। कोई भी जो कभी इतिहास को पढता है, वो ये जानता है। लेकिन, निश्चय ही, मैं ऐसा सोचता हूं, उससे दूर जाने के लिए उनके पास बहुत सी बातें है, इससे पहले कि मैं—मैं इसे स्वीकार करूं, आप देखिए, क्योंकि बाइबल ऐसा नहीं है।

103 लेकिन मैं एक बात कैथोलिक कलीसिया के लिए कहना चाहता हूं। क्या आप जानते हैं कैथोलिक कलीसिया, आरंभ में प्रेरितो की पेंटीकोस्टल कलीसिया थी? निश्चय ही थी! यह कलीसिया का पहला आरंभ होना था। और आप देखते है, वे—वे कहां पर निकल चुके हैं, वह वचन को निकालते ही जा रहे है और एक–एक सिद्धांत को इसमें डालते जा रहे हैं।

104 और यदि वो पेंटिकोस्टल कलीसिया, और सौ वर्षों तक अस्तित्व में होती है, जो आज कैथोलिक कलीसिया है उससे ज्यादा ये बाइबल से दूर हो जायेंगे, जिस तरह से ये अभी निकलते जा रहे हैं।

105 इसने अनेक कैथोलिक कलीसिया को लिया, इससे दूर जाने के लिए सेकडो वर्ष लग गए, तीन सौ वर्ष, पहले की कलीसिया से लेकर रोमन कैथोलिक कलीसिया को संगठित करने में, जिसे उन्होंने आरंभ किया। और वे रुक गए है, बडे–बडे हस्तियों को अन्दर लाते है और इत्यादि, और उन्होंने *इस* बात को काट दिया, और *इस* बात को डाल दिया, *इस* बात को बाहर निकाला, और *उसे* डाल दिया, और पागान की मूर्तियों की बातों को लेकर और मसीही मुर्तियो को खड़ा कर दिया है और इत्यादि, और वे बस समझोता करते जा रहे है कि अब तक उन्हें क्या मिला है, बस रोमन कैथोलिक कलीसिया।

106 और वो प्रोटेस्टेंट पेंटीकोस्टल कलीसिया, जो पच्चास वर्ष से अस्तित्व में रही है, और जहाँ से इसने आरंभ किया था वहां से गिर गई है, ये एक सौ वर्षों में कैथोलिक कलीसिया से, अब से और ज्यादा ख़राब आकार में होगी। यह सही बात है। ये कहने के लिए बड़ी बात है, लेकिन बस देखे जहाँ से वे गिर गए है। वे सीधे संप्रदाय के अंदर चले गए है, वे *इस* पर और *उस* पर समझोता करने के अन्दर चले गये है, और इत्यादि जो भी है। और वहां वे जाकर, देखो, ठीक पीछे होते जा रहे है।

107 लेकिन, *कम्युनियन* को "प्रभु भोज" कहा जाता है। अब, बहुत से लोग, वे इसे सुबह लेना चाहते है। बाइबिल में नहीं कहा यह उसका सुबह का *नाश्ता* था। और आज कैसे ये लोग, कैसे वे अब भी कह सकते हैं, "प्रभु भोज," और वे नहीं करते हैं। उन्होंने *भोज* को काट दिया है, और उन्होंने इसे निकल दिया है, और वे इसे "रात्रि का भोजन," कहते हैं, बेहूदा। ये भोज है!

108 अब, बाइबिल के समय में हमेशा ही विवाद था, यह तब विवाद था। लोगों ने इसे गलत समझा, जब वे टेबल पर आए। पौलुस ने उन कुरिन्थियो को बताया। वे आते थे और प्रभु भोज के मेज पर पीते थे। देखो, इसे तब गलत समझा गया। उसने कहा, यदि आप खाना चाहते हैं, घर पर खाये।

109 और एक चीज, इसे गलत समझा गया, यह क्या था। वे पापी और मनुष्य पाप में जी रहे थे, उन्होंने आकर और प्रभु भोज को लिया। और इसे गलत समझा गया। एक मनुष्य उसकी मां के साथ रहता है, सौतेली मां, और कलीसिया ने उसे इसके बारे में बताया था; फिर भी मेज पर प्रभु भोज को ले रहे हैं।

110 और उनके बीच में विभाजन थे, और वे अब भी प्रभु भोज को ले रहे थे। उसने कहा, "मैं समझता हूं कि तुम बाकी के अन्य जातियों के जैसे चलते हो। और वहां—वहां तुम्हारे बीच में टकराव है, जैसे विशेष करके कैफा के घर में, और इत्यादि।" कहा, "तुम बाकी के अन्य जातियों जैसे चलते हो।" देखो, इसे गलत समझा गया था।

111 प्रभु भोज को हमेशा ही गलत समझा गया है। अब, मैं इस पर घंटों बोल सकता हूं, लेकिन हमें इस प्रभु भोज को लेना है और पांव को धोना है। अब उन्होंने पूरी तरह से कुल मिलाकर पांव के धोने को निकाल दिया है, सिवाय कुछ संस्थाओ को छोड़कर। बहुत से पेंटिकोस्टल पूरी तरह से

इससे दूर चले गए हैं। समझे? यह अभी बाइबिल में है, बिल्कुल उसी तरह से लिखा गया था। समझे?

112 अब, रोम इसे “प्रभु भोज” नहीं कहता है। वे इसे “मास (धार्मिक सभा) पवित्र मास” कहते हैं। वे प्रभु भोज को नहीं लेते हैं, वे एक मास को लेते हैं। ये एक मास है, और एक मास विशेषकर प्रभु भोज से वास्तविक मतलब लेता हैं। एक *मास* का मतलब है “आशा करना।” वे एक मास लेते है, आशा करते हुए (कि इसे मास में ऐसा करने से) कि परमेश्वर इसे लेने के द्वारा उनके पापों से उन्हें क्षमा करेगा, “जो मसीह की सच्ची देह है, जिसे याजक और मसीह देह और लहू में बदल देता है,” इसे लेते हुए, आशा करते है कि परमेश्वर ऐसा करने के द्वारा उनके पापों को निकाल देता है। यह एक मास है।

113 वे प्रोटेस्टेंट इसे “कम्युनियम” कहते है। कम्युनियम का मतलब होता है “धन्यवाद देना।” कि वे प्रोटेस्टेंट... कैथोलिक एक मास को लेते हैं, मास में आशा करते हैं कि परमेश्वर उनके बुरे काम करने को क्षमा करता है। वो प्रोटेस्टेंट इसे धन्यवाद देते हुए लेते है, उसके लिए जो पहले से ही परमेश्वर कर चूका है, परमेश्वर के साथ सहभागिता है; उसके साथ सहभागिता करना, कि इसे किया जा चुका है। कैथोलिक आशा कर रहे हैं इसे किया जा चुका है; प्रोटेस्टेंट कहते हैं इसे किया जा चुका है। कैथोलिक सोच रहे हैं, कि उसके पाप क्षमा किये जायेंगे; वह प्रोटेस्टेंट मानते हैं कि उन्हें क्षमा किया गया है, कि वो आजाद है। और एक कम्युनियम परमेश्वर के साथ सहभागिता करना है। और इन चीजो को जो हम लेते हैं, आशा करने में नहीं, कि हमारे पाप क्षमा होते हैं, लेकिन क्षमा हो गए हैं। क्योंकि ये... एक आशा करता है, और दूसरा एक विश्वास करता है। एक आशा करता है कि वो सही है; और वो दूसरा एक जानता है कि वह सही है। समझे? एक दूसरा, एक आशा कर रहा है, क्योंकि वो नहीं जानता वो कहाँ खड़ा है; दूसरा जानता है वो सही है, क्योंकि वो जानता है परमेश्वर ने ऐसा कहा है। ऐसा ही है। यही वह फर्क है। इसलिए, जब आप बस आशा कर रहे होते हैं, ध्यानपूर्वक रहे; लेकिन जब आप जानते हैं, तब आगे बढ़े। देखो, तब आप परमेश्वर के साथ सहभागिता में होते है। प्रोटेस्टेंट, वो कहता है, उसे क्षमा किया गया है, और वो इसे जानता है; कैथोलिक मास करता है, आशा करता है कि उसे क्षमा किया जाएगा। यह बस इसी तरह से है: एक भिखारी है जो आशा कर रहा है, हर चीज बिल्कुल ठीक है, देखो;

और दूसरा भिखारी उसके लिए धन्यवाद दे रहा है जो कुछ भी किया जा चुका है। वे दोनों ही भिखारी हैं। लेकिन एक मांग रहा है, आशा कर रहा है, उसे ये मिल जाएगा; और दूसरा भिखारी जानता है उसे ये मिल चुका है, और उसे इसे देने के लिए धन्यवाद देता है। अब, यहाँ फर्क है। यही कम्युनियम यानी प्रभु भोज है। जी हां, श्रीमान। एक आशा कर रहा है कि क्षमा हुआ है; दूसरा जानता है कि वह क्षमा किया जा चुका है, और इसके लिए धन्यवाद देता है।

114 इसलिए प्रभु भोज मसीहो के लिए है जो परमेश्वर की आत्मा से फिर से जन्मे है। और *फिर से जन्म* का मतलब जरुरी नहीं है कि अब आपको पवित्र आत्मा मिल गया है। अब याद रखना। अब बहुत से लोग इसे सिखाते हैं। वे सिखाते हैं, "मैं नहीं जानता कि कोई इस तरह से सिखाते हैं," जैसे एक बुढे भाई आर्गनब्राइट ने उस रात यहाँ पुलपीट से कहा, देखो। लेकिन, नया जन्म पवित्र आत्मा का बपतिस्मा नहीं है। वचन इसका समर्थन नहीं करता है, मैं नहीं सोचता, देखो, मेरा देखने का नजरिया ऐसे ही है। समझे? मैं विश्वास करता हूं कि आपने फिर से जन्म लिया है...

115 और इसी कारण से मैं हमेशा ही शब्द यीशु मसीह के नाम में बपतिस्मा का इस्तेमाल करता हूं, लेकिन नये जन्म के लिए नहीं। अब पेंटिकोस्टल, युनाईटेड पेंटीकोस्टल चर्च, नये जन्म के लिए यीशु मसीह के नाम में बपतिस्मा देते हैं। मैं इसे विश्वास नहीं करता। और वे इसे कर सकते हैं यदि वे करना चाहते हैं तो। लेकिन मैं विश्वास करता हूं कि पतरस ने कहा, पहले "पश्चाताप करो।" पानी पापों को क्षमा नहीं करता है। चर्च ऑफ़ क्राइस्ट इसी प्रकार इस तरह से प्रचार करता है। लेकिन मैं विश्वास करता हूं कि वो पश्चाताप, पवित्र शोक करना; *पश्चाताप* का मतलब होता है, "घुमकर, वापस जाओ," आप निशाने से चूक गए हैं, "फिर से आरंभ करो।" पहले इसे करो! और आपका पानी का बपतिस्मा केवल एक बाहरी व्यवहार है कि आपके अन्दर कुछ तो किया गया है, कि आपने मसीह को अपना उद्धारकर्ता करके स्वीकार किया है।

116 मैं सोचता हूं आज रात यहाँ बस वो कलीसिया है, जहां तक मैं जानता हूं, मैं यहां पर यह जानने के लिए नहीं हूं कौन आता है या नहीं आता है। ज्यादा समय नहीं हुआ मेरी यहां पर थोड़ी सी निंदा हुई, एक व्यक्ति को यहाँ तालाब पर बपतिस्मा देने पर, वो बूढ़ा व्यक्ति था। और मैं उसके पास

गया, वो एक बहुत ही भला बूढ़ा व्यक्ति था। मुझे उसके सारे परिवार को मसीह के पास लाने का सौभाग्य मिला, वे सारे मसीही है। यह बुजुर्ग मनुष्य बहुत ही अच्छा बूढ़ा व्यक्ति था, मैं उसे पसंद करता हूं, सो मैं उसके पास गया और उससे कहा, "पापा, आप क्यों एक मसीही नहीं बनते हैं? " वह मुझ से प्रेम करता है।

117 उसने कहा, "भाई, मैं एक मसीही बन जाऊंगा, जब मैं बहुत ही अच्छा व्यक्ति बन जाऊंगा।"

118 मैंने कहा, "आपको बताता हूं आप क्या करो, पापा। आप यहां–वहां देखो, जब तक आपको कोई बहुत अच्छा नहीं मिल सकता है, तब मुझे बताना कि वह कौन सा स्थान है, मैं भी वहां पर जाना चाहता हूं।" मैंने कहा, "मसीह अच्छे मनुष्य को बचाने के लिए कभी नहीं आया। वह बुरे मनुष्य को बचाने के लिए आया।" जब आप सोचते हैं कि आप अच्छे हैं, तब वह आपको बचाने के लिए नहीं आता है। वह उन्हें बचाने के लिए आया जो जानते हैं कि वो बुरे है। समझे? मसीह पापियों को बचाने के लिए मरा। समझे? और मैंने कहा, "पापा, ठीक यहां पर एक रेखा है।"

उसने कहा, "तो ठीक है, मैं इन सिगरेट को पीता हूं।"

मैंने कहा, "मैं उसके बारे में बात भी नही कर रहा हूं।"

उसने कहा, "मैंने इसे छोड़ने की कोशिश की है, भाई ब्रन्हम।"

मैंने कहा, "तो ठीक है, हम सिगरेट के बारे में बात नहीं करेंगे।"

उसने कहा, "तो ठीक है जब मैं... "

119 मैंने कहा, "नहीं, उसके बारे में बात मत करो, उसे छोड़ दो। मैं आपसे एक सवाल पूछना चाहता हूं।"

उसने कहा, "तो ठीक है, यह क्या है।"

मैंने कहा, "तुम विश्वास करते हो कि एक परमेश्वर है।"

120 कहा, "निश्चय ही, मैं इसे विश्वास करता हूं।" कहा, "मैं उतना ही दृढ़ता से विश्वास करता हूं, जितना आप करते हो, मैं सोचता हूं, भाई ब्रन्हम।"

121 मैंने कहा, "क्या तुम विश्वास करते हो कि वही परमेश्वर उसके नस्ल को पार करके और देहधारी हुआ, और हमारे बीच में यीशु मसीह के व्यक्ति में रहा, जिससे कि वो मनुष्य को बचाये? "

उसने कहा, “हाँ, मैं यह विश्वास करता हूं।”

“और वो तुम्हारे जैसे और मेरे जैसे पापीयों को बचाने के लिए मरा? ” समझे?

“हाँ, मैं यह विश्वास करता हूं।”

122 मैंने कहा, “अब, ये बस इसी तरह से है। हम सब यहाँ एक बड़ी इमारत पर हैं, हम जेल में है, और मैं वहां इस कोने में खड़े होकर यह नहीं कह सकता हूं, ‘*यह* मुझे जेल से बाहर निकालने में सहायता करेगा,’ मैं उस कोने पर खड़े होकर और नहीं कह सकता हूं, ‘*वो* मुझे कैसे बाहर निकालने में सहायता करेगा,’ हम सब उसी तरह से स्थिर है। और हर एक मनुष्य जो संसार में जन्मा है, पाप में जन्मा था, अधर्म में आकार लिया, और संसार में झूठ बोलते हुए आया। वह आरंभ से ही धर्म त्यागी है।”

123 किसी ने तो एक दिन मुझसे पूछा, और कहा, “भाई ब्रन्हम यदि... वहां आदम और हवा, और आज जो उनकी संताने हैं क्या उनके बीच में कोई फर्क होगा, यदि वे सब नंगे थे, चलते... क्या उनके शरीर भी उसी तरह से होंगे? ”

124 मैंने कहा, “नहीं, श्रीमान।” हम गिलहरियों के शिकार से वापस आ रहे थे, भाई फ्रेड और मैं, उनमें से कुछ लोग थे। मैंने कहा, “नहीं, वे उस तरह से नहीं होंगे।”

125 कहा, “आपका अर्थ है हवा उस तरह की स्त्री नहीं रही होगी, जैसे उसकी पुत्रियां है, और आदम एक पुरुष नहीं रहा होगा जैसे उसके पुत्र है? ”

मैंने कहा, “बहुत से मामलो में, लेकिन ना ही सारे शारीरिक मामलो में।”

उसने कहा, “क्या फर्क होगा? ”

126 मैंने कहा, “उनकी कोई नाभि नहीं थी। उनकी सृष्टि हुई थी। ठीक है। वे किसी से भी जुड़े हुए नहीं थे।”

127 जब तक वो हर एक चीज को सहन करता है, जो संसार में जन्मा है, यह दिखाता है, ये एक आरंभ से ही धर्म त्यागी है। यह सही बात है। मैंने कहा, “जरूर, वहां इसमें एक फर्क है। उनकी नाभि नहीं होती है। वे संसार में आने के लिए किसी स्त्री से जुड़े नहीं थे।” देखो, परमेश्वर ने उनकी सृष्टी की थी।

128 अब, मैंने कहा, “मैं कुछ तो कहना चाहता हूं। हर एक मनुष्य इस कैदखाने में है, पवित्र कौन है? वह एक कौन है, जो शारीरिक संबंध के द्वारा नहीं जन्मा था? वो एक कौन है जो दुसरो की सहायता कर सकता है, कोई फर्क नहीं पड़ता, वो क्या है? हम सब उसी कैद में है। लेकिन परमेश्वर ने खुद उसकी सृष्टियों के लिए एक को बनाया और शारीरिक संबंध को पार करके आया, उस पवित्र लहू के जरिये से जिसे उसने होने के लिए सृष्टि की, और उस लहू के जरिये से उसने हमें छुड़ाया।” मैंने कहा, “इसे विश्वास करते हैं, पापा?”

उसने कहा, “मैं इसे विश्वास करता हूं।”

129 मैंने कहा, “मसीह आप जैसे बुरे मनुष्य के लिए मरा। और इसे करने का एक केवल ही जरिया है। वहां आप कुछ भी नहीं कर सकते है। वो इसके लिए आपको प्रस्ताव को देता है। आप इसे प्राप्त नहीं कर सकते है। आप इसे पाने के लिए कुछ भी नहीं कर सकते है। वो बस आपको इसे दे देता है। क्या तुम स्वीकार करोगे, जो उसने आपके लिए किया है, ताकि आपको अधोलोक से दूर रखे?”

130 उसने कहा, “मैं इसे करूँगा।” उसने कहा, “लेकिन यदि मैं सिगरेट से छुटकारा पा सकता हूं तो।”

131 मैंने कहा, “सिगरेट अपनी खुद की चिंता कर लेगी। आप केवल... मैं आपसे यह नहीं पूछ रहा हूं। मैं एक कायदे–कानून का व्यक्ति नहीं हूं। मैं अनुग्रह में विश्वास करता हूं। ‘और वे सब जिसे पिता ने मुझे दिया है, वो मेरे पास आयेंगे।’” मैंने कहा, “यदि आप इसे अपने पूरे ह्रदय से विश्वास करते हैं तो।”

उसने कहा, “मेरे पुरे ह्रदय से, मैं इसे विश्वास करता हूं।”

132 “तब क्या आप उन आधारो पर इसे स्वीकार करें, कि आप इसके योग्य नहीं है, लेकिन वो ही एक है जो योग्य है। अपने आप को मत देखना; उसकी ओर देखना, क्योंकि आप अपने आप के लिए कुछ नहीं कर सकते हैं। उस एक को देखना, जिसने आपके लिए कुछ तो किया है। उसके बारे में क्या है?”

“ओह,” उसने कहा, “वो योग्य है।”

मैंने कहा, “ऐसा ही है, तब उसे स्वीकार करें, जिसे वो आपको देता है।”

उसने कहा, “मैं करता हूं।”

133 और मैंने उसे यीशु मसीह के नाम में बपतिस्मा दिया। और वो यहाँ से बाहर गया और उसने सिगरेट को जलाया।

134 कुछ हफ्तों पहले मैं घर की ओर गया था। मैंने एक रात को दर्शन देखा, वहां पर एक हरा–भरा पेड़ है, जो कटा हुआ, उल्टा पड़ा हुआ है। उस पर तख्तो को ठोका गया है। आखरी तख्ता के ठीक बाद, एक घ्यान देने वाला तख्ता लगा था। और उस तख्ते के नीचे, ठीक नीचे अंतिम छोड़ पर, ये *इस* तरह से बाहर निकला हुआ था, और वो पेड़ वही पर से टुटा हुआ था। और एक आवाज़ ने कहा, “ऐसा आपको होना चाहिए था,” या, “आप ऐसे होते।” और पापा कोक्स गिर पड़े, उनकी *यहाँ* से पीठ कुचल गयी थी। और सो अगली सुबह को उन्होंने उसके लिए सिगरेटों को लाया, जब वो बिस्तर पर थे, उसकी इच्छा उससे निकल चुकी थी। हफ्तों पहले! उसने कभी एक भी सिगरेट नहीं पिया, एक भी सिगरेट नहीं लेना चाहता था या कुछ भी नहीं। समझे? और मैंने उसे कुछ समय पहले देखा था जब सिगरेट से उसके हाथ पूरी तरह से ऐसे भूरे हो गए थे, और अब वो एक भी सिगरेट को अपने इर्द–गिर्द सहन नहीं कर सकता था। पहली चीजों को पहले ही रखे! अच्छा बनने की कोशिश ना करें; आप आरंभ से बुरे हैं, और आप कुछ भी नहीं कर करते हैं। वहां पर एक अलग करने वाली रेखा है, और सारी मनुष्य जाति उस ओर है।

135 अब जब मैंने इस संसार में जन्म लिया, मेरे माता और पिता के बीच में यह एक पवित्र बंधन था; उसके गर्भ में एक अंडाणु था, मेरे पिता की ग्रंथी में एक लहू की कोशिका थी। मेरे पिता की लहू की कोशिका में। और जब वो लहू की कोशिका में मेरा जीवन बना हुआ था (मेरे माँ के अंडाणु में नहीं) और जब वो लहू की कोशिका इसके सही स्थान में चला जाता है ताकि अंडाणु से मिले, जब ऐसा हुआ, प्रकृति ने मेरे लिए परमेश्वर से एक शरीर को देने की मांग की थी। और तब मैंने वहां पर मनुष्य जाति में जन्म लिया, मुझे एक मौका मिला था, एक बुद्धिमान व्यक्ति बनने के—के लिए जैसे मनुष्य जाति होती है, जहां मैं एक गाड़ी को चला सकता हूं, या मैं उन चीजो को कर सकता हूं जो मनुष्य जाति करती है, चल सकता हूं, बात कर सकता हूं, एक गाड़ी को चला सकता हूं, और इत्यादि। मुझे इसे दिया गया

था, क्योंकि मैंने एक मनुष्य के परिवार में जन्म लिया था, और एक मनुष्य जाति होने के लिए, बुद्धिमता की शक्ति दी गयी थी।

136 अब, जब मैंने परमेश्वर के परिवार में जन्म लिया था, मैं लहू के द्वारा आया, वो लहू मुझे जीवन देता है। और फिर उसके बाद, मैं मसीह में जीवित बन जाता हूं, उसने मुझे पवित्र आत्मा और सामर्थ से बपतिस्मा दिया, परमेश्वर का एक पुत्र होने के लिए। अब, बस जैसे मैं चल सकता हूं, एक मनुष्य जाति के समान बोल सकता हूं, मेरी कार को मनुष्य जाति के समान चला सकता हूं। अब जब मैं पवित्र आत्मा को पाता हूं, मैं सामर्थ को पाता हूं ताकि शैतानों को निकालु, नई जुबानों में बोलूं, सुसमाचार को प्रचार करूं, बीमारों को चंगा करूं। मैंने बपतिस्मा पाया है! जन्म नहीं; लेकिन बपतिस्मा पाया है!

वे ऊपरी कोठरी में इक्कठा हुए,
सब उसके नाम से प्रार्थना कर रहे थे,
उन्होंने पवित्र आत्मा का बपतिस्मा लिया
सेवा करने की सामर्थ आ गई।

137 आमीन। आप अनंत जीवन के अंदर विश्वास करते हैं, और आपके विश्वास के द्वारा फिर से जन्म पाया है। यीशु ने कहा, संत यूहन्ना 5:24, "जो मेरे वचनों को सुनकर और उस पर विश्वास करता है, जिसने मुझे भेजा है, उसके पास अनंत जीवन है," पवित्र आत्मा नहीं, बस अनंतकालीन जीवन। वो परमेश्वर के परिवार में जन्म लेता है। और फिर पवित्र आत्मा के अंदर बपतिस्मा लेता है, विश्वास के ज्ञान के सामर्थ के साथ, ताकि सुसमाचार का विश्वास करे और इसे कार्य में डाले और इसे सही रीति से कार्य में लाये। आमीन। तब वो एक परमेश्वर के पुत्र के जैसे कार्य करता है। तब वो शैतानों को निकाल सकता है। यीशु ने कहा, "ये चिन्ह उनके पीछे जायेंगे!" समझे? "मेरे नाम से वो शैतानों को निकालेंगे। नई भाषायें बोलेंगे, सांपो को उठा लेंगे, विषेली वस्तु पी जायेंगे।" देखो, वो पवित्र आत्मा के द्वारा सामर्थ को पाता है, ताकि इन चीजों को करें।

138 अब, जब वह वहां से दूर चला गया, उसने कहा, "ये मेरे लिए आवश्यक है कि मैं चला जाऊं, क्योंकि यदि मैं नहीं जाता हूं, तो पवित्र आत्मा नहीं आयेगा।" देखा? जब वह आता है, वह पाप के संसार को फिर से साबित करता है, धार्मिकता को सिखाता है, और आने वाली चीजों को आपको

दिखाता है (उन दर्शनो को) “वो उन बातों को लेगा जो मैंने तुम्हें सिखाई है, और उन्हें तुम पर वही प्रकट करेगा।” वही वचन कि वह आया है... पवित्र आत्मा के बपतिस्मा के बाहर कोई मनुष्य वचन को नहीं समझ सकता है। और जब एक मनुष्य कहता है कि उसके पास पवित्र आत्मा का बपतिस्मा है, और वचन के सही होने पर भी वाद–विवाद करता करता है, वहां पर कुछ तो गलत है।

139 पौलुस, नए नियम का एक निंदक था। तब नया नियम नहीं था, नया नियम नहीं लिखा गया था। पौलुस मसीहत का एक निंदक था, जो शाऊल था। और जब उसने पवित्र आत्मा को पाया, वो तीन वर्षों के लिए एशिया में चला गया, और वहां वचनों का अध्यन किया, क्योंकि उसे गमलीएल के नीचे शिक्षा मिली थी, जो एक बड़ा शिक्षक था। फिर, जब वो वापस आया, और चौदह वर्षों के बाद, वह येरुशलम में पतरस से मिलने के लिए चला गया, और इस बात को पाया कि ये वो ही वचन थे, वचन के द्वारा वही सुसमाचार था। वही परमेश्वर, जिसे पतरस ने पेंटीकोस्ट के दिन पर प्रचार किया और उन्हें बताया कि पश्चाताप करें और यीशु मसीह के नाम में बपतिस्मा लें, उसी पवित्र आत्मा ने इसे पौलुस पर प्रकट किया, और उन्हें प्रेरितो के काम 19 में बताया, उनके एक समय यूहन्ना का बपतिस्मा लेने के बाद, कहा, “तुम्हे फिर से यीशु मसीह के नाम में बपतिस्मा लेना होगा।” समझे?

140 पवित्र आत्मा बिल्कुल ठीक वचनों के साथ बना रहता है। ये तो इस में विश्वास होता है जो हर एक रहस्य को खोल देता है। बाइबिल ने पहला यूहन्ना 5:7 में कहा, “वहां स्वर्ग पर तीन है जो गवाही को देते है: वो पिता, वो वचन (जो मसीह था), और पवित्र आत्मा। यह तीनों ही एक है।” “और वहां धरती में तीन है जो गवाही को देते है: जल, लहू, आत्मा। ये तीनो एक नहीं है, लेकिन वे एक में सहमत होते है।” अब आपके पास बिना पुत्र हुए, पिता नहीं हो सकता है, आपके पास बिना पवित्र आत्मा हुए पुत्र नहीं हो सकता है; वे एक है। लेकिन आप धर्मीकरण हो सकते हैं, बिना पवित्रीकरण हुए, आप पवित्रीकरण हो सकते हैं, बिना पवित्र आत्मा के होने के। पवित्रीकरण लहू के द्वारा होता है, लहू के जरिये से जीवन आता है। समझे? और वो पवित्र आत्मा, परमेश्वर की सामर्थ है, देखो, वह सामर्थ कलीसिया को दी गई है।

141 “तुम पाओगे” (क्या?) “सामर्थ को,” प्रेरितों के काम 1:8 “तुम पर पवित्र आत्मा आने के बाद। तुम सामर्थ को पाओगे!” (ना कि, “तुम फिर से जन्म को लोगे।”) “पवित्र आत्मा तुम पर आने के बाद, तुम सामर्थ को पाओगे। तब तुम मेरे गवाह होंगे, येरूशलम, यहूदा, और सामरिया में, और पृथ्वी की छोड़ तक।” समझे? तुम सामर्थ को पाओगे, पवित्र आत्मा पाने के बाद। लेकिन पहले तुम्हें पवित्र आत्मा को पाना अवश्य है, और वो परमेश्वर की सामर्थ है, देखो, ताकि प्रमाण दे और साबित करे। आप—आप... जैसे आप एक मनुष्य थे, और आपने बोलना, चलना सीखा, और उन चीजो को करते है, जो एक मनुष्य करता है; जब आपका पवित्र आत्मा से बपतिस्मा होता हैं, आपको सामर्थ दी जाती है कि आप परमेश्वर के पुत्र और कन्या के जैसे व्यवहार करे। कोई आश्चर्य नहीं वे लोग व्यवहार करते है, और जिस तरह से वे आज करते हैं, वे कभी भी आत्मा से भरे हुए नहीं रहे हैं। यदि वे होते तो वे अलग ही व्यवहार करते। वे दावा करते हैं कि उनके पास है, लेकिन यीशु ने कहा, “तुम उनके फलो के द्वारा उन्हें जान लोगे।” इसलिए आप इसे कैसे कर सकते है, आप देखे, ये सब तो बस शंका है। समझे? लेकिन वास्तविकताओ में वापस आ जाये!

142 अब, यदि आप सीधे चलते है और खुद को मसीह होने की घोषणा करते है, हम आज रात आपको प्रभु की मेज पर आमंत्रित करते है। कोई संदेह नहीं, आज सारे राष्ट्र में प्रभु भोज लिया जा रहा है, उनमें से कुछ अलग तरीके से लेते है, और कुछ दुसरे तरीके से लेते है। लेकिन मैं सोचता हूँ इसे करने का सही तरीका है कि वचन का अनुकरण करे, बिल्कुल वैसे ही जैसे उन्होंने इसे वचन में किया। मैं सोचता हूँ इतना ही काफी होगा।

143 क्या आपके पास आपकी बाइबिल है, भाई नेविल? अब भाई नेविल वचनों को पढेंगे। [भाई नेविल कहते है, “पहले कुरिन्थियो के 11 वे अध्याय में, 23 वचन से आरंभ करेंगे,” और इन वचनों को पढते है—सम्पा।]

[क्योंकि यह बात मुझे प्रभु से पहुंची, और मैं ने तुम्हें भी पहुंचा दी; कि प्रभु यीशु ने जिस रात वह पकड़वाया गया रोटी ली:]

[और धन्यवाद करके उसे तोड़ी, और कहा; कि यह मेरी देह है, जो तुम्हारे लिये है: मेरे स्मरण के लिये यही किया करो।]

[इसी रीति से उस ने बियारी के पीछे कटोरा भी लिया, और कहा; यह कटोरा मेरे लोहू में नई वाचा है: जब कभी पीओ, तो मेरे स्मरण के लिये यही किया करो।]

[क्योंकि जब कभी तुम यह रोटी खाते, और इस कटोरे में से पीते हो, तो प्रभु की मृत्यु को जब तक वह न आए, प्रचार करते हो।]

[इसलिये जो कोई अनुचित रीति से प्रभु की रोटी खाए, या उसके कटोरे में से पीए, वह प्रभु की देह और लोहू का अपराधी ठहरेगा।]

[इसलिये मनुष्य अपने आप को जांच ले और इसी रीति से इस रोटी में से खाए, और इस कटोरे में से पीए।]

[क्योंकि जो खाते पीते समय प्रभु की देह को न पहचाने , वह इस खाने और पीने से अपने ऊपर दण्ड लाता है।]

[इसी कारण तुम में से बहुत से निर्बल और रोगी हैं, और बहुत से सो भी गए।]

[यदि हम अपने आप में जांचते, तो दण्ड न पाते।]

[परन्तु प्रभु हमें दण्ड देकर हमारी ताड़ना करता है इसलिये कि हम संसार के साथ दोषी न ठहरें।]

[भाई नेविल कहते है, “प्रभु उसके पढे गए वचन को आशीष दे।”]

144 ये हमेशा से ही क्या ही पवित्र चीज है, बहुत ही पावन चीज, मैं सोचता हूं अब हमें हमारे सिरों को मौन प्रार्थना में झुकाना चाहिए। आप मेरे लिए प्रार्थना करे, मैं आपके लिए प्रार्थना करूँगा। आइये एक दुसरे के लिए प्रार्थना करे, कि परमेश्वर हम अयोग्य सृष्टियों पर दया करे, जो इस महान धार्मिक विधी के भागीदार होने जा रहे है, हमारे प्रभु की मृत्यु की यादगार में।

145 [भाई ब्रन्हम मौन प्रार्थना के लिए रुकते है। टेप पर खाली स्थान—सम्पा।] इस अंगीकार की प्रार्थना को हम आपको प्रदान करते है, हमारे पिता, आपके सुनहरे वेदी के ऊपर, हमारे बलिदान के साथ, प्रभु यीशु। हम इसे उसके नाम से मांगते है। आमीन।

146 अब मैं सोचता हूं प्राचीन अपने स्थान को ले लेंगे, और वे... कलीसिया के, और वे लोगो को प्रभु भोज के लिए एक—एक करके कतार से ऊपर लेकर आयेंगे, जैसे वे आते है। हमेशा ही इस गीत को मनन करते हुए:

> प्रिय परमेश्वर के मेमने, तेरा बहुमूल्य लहू,
> अपनी सामर्थ को कभी नहीं खोएगा,
> परमेश्वर की सारी छुड़ाई हुई कलीसिया तक,
> बचाये जाये, और पाप ना हो।

आइये हमारे सिरों को झुकाये।

147 महिमामय, और पवित्र पिता, यहोवा, महान सर्वसामर्थी, अपनी आशिषो को अपने लोगो पर भेजे, जैसे वे रूके हुए है। हमारे पापो को क्षमा करे। और अब हम इस धार्मिक विधी को आपको प्रदान करते है, ये दाखरस, ये अंगूर, जो पक चुके है, और सेवको के हाथ ने इन्हें एकसाथ मसला है। और इसे किसी कारण से दाखरस बनाया गया है जिससे कि हम इसे आपके लिए लेकर आये, जिससे ये हमारे लिए प्रभु यीशु मसीह के लहू को प्रतिनिधित्व कर सके। मैं आपसे प्रार्थना करता हूं, पिता, दाखरस को उस उद्देश्य के लिए पवित्र करे। हमारे हर एक पाप को क्षमा करे। और होने पाये हर एक व्यक्ति जो इस दाखरस को अपने शरीर के लिए लेता है, होने पाये उन्हें आपसे सेहत, शक्ति, और उद्धार मिले। इसे प्रदान करे, प्रभु। हम इसे यीशु के नाम से मांगते है। आमीन।

148 बाइबिल ने कहा, कि जब उसने रोटी को तोड़कर और इसे आशीषित किया, कहा, "लो और खाओ, यह मेरी देह है, जो तुम्हारे लिए तोड़ी गई है। इसे मेरी याद में करना।" और जब इस छोटे से रोटी के टुकडो को लेते है, विधिसम्मत, जिसे बिना खमीर का बनाया गया है। इसे मसीहो के द्वारा बनाया गया है। इसे बनाया गया है क्योंकि ये—ये यीशु मसीह की देह को प्रतिनिधित्व करती है। हम यह—यह समझते हैं कि ऐसा मसीह के चेलो के दिन पर था, या कलीसिया के दिन में था, जो इस रोटी के हिस्सों को लिया, और भोज को तैयार किया, अंतिम भोज पर, मसीह के अंतिम भोज पर। और बाइबिल में से होते हुए, ये चेले थे जिन्होंने लोगों के लिए इन चीजो की सेवकाई की। और आज, हमारे आधुनिक दिन के चेले, यहाँ हमारे कलीसिया के भाई लोग हैं, इस अभिप्राय से चेले है, ताकि

लोगों के लिए सेवकाई करे। और वे इस रोटी के भाग को लेकर और उन्हें लोगों को देंगे।

149 और अब जब आप इस रोटी को लेते है, याद रखना, ये मेमने को प्रतिनिधित्व करती है। और बहुत वर्षो पहले जब इस्राएल के मेमने को आग पर भुना गया था, और इसे कडवी बूटियों के साथ खाया गया था, लोगो के पास शक्ति थी; उनके जूते कभी घसे नहीं, उनके कपड़े कभी भी नहीं फटे, पूरी यात्रा में जब तक वे उनके प्रतिज्ञा देश नहीं पहुंच गए। होने पाये परमेश्वर हमें अच्छी सेहत में रखे, खुशहाल, उसकी सेवकाई करते रहें, जब तक हम प्रतिज्ञा देश पर नहीं पहुंच जाते जो उसने हमें दे दिया है।

आइए प्रार्थना करें।

150 महिमामय स्वर्गीय पिता, जैसे मैं आज रात उस पवित्र, हमारे प्रभु की पवित्रीकरण देह लिए बोल रहा हूं, जिसमें परमेश्वत्व की संपूर्णता वास करती है। जब मैं उस देह के लिए सोचता हूं, सिकुड़ी हुई और तोडी गयी, और लहू बाहर बह रहा था, उसकी पीठ और उसकी पसली में से होकर प्रकाशमान करते, ऊपर से नीचे तक कोड़े लगे हुए थे; जब मैं सोचता हूं कि ये झुर्रीदार, मार खाई हुई रोटी को प्रतिनिधित्व करती है, इससे हमारे ह्रदयो में ताजगी आती है। हम आज रात आपके वेदी पर हमारे ह्रदयो को रखते है, प्रभु। हमें क्षमा कीजिए, ओ, परमेश्वर। और होने पाए यह तोड़ी हुई रोटी, जैसे यह मुंह के अंदर जाती है, आपके सेवक, और होने पाये वे पहचान जाये कि यह आपकी बहुमूल्य देह है, जो कुचली गयी, और घायल है, और कोड़े खाने से हम चंगे हुए है। इसे प्रदान करे, प्रभु। यह विधिसम्मत रोटी को इस नियत उद्देश्य के लिए पवित्र करे। हम इसे यीशु के नाम में मांगते हैं। आमीन।

बस एक मिनट के लिए पकडे।

151 ये सीमित प्रभु भोज नहीं है। हर एक मसीह विश्वासी का प्रभु की मेज पर स्वागत है, हमारे साथ सहभागी होने के लिए।

द्वार के लिए चाबी HIN62-1007

(The Key To The Door)

यह सन्देश भाई विलियम मेरियन ब्रंहम के द्वारा मूल रूप से इंग्लिश में रविवार शाम, 7 ओक्टोम्बर, 1962 को ब्रन्हम टेबरनेकल, जेफरसनविले, इंडियाना, यु.एस.ए में प्रचारित किया गया। इसे चुम्बकीय टेप रिकॉर्डिंग से लिया गया है, और इंग्लिश में विस्तृत छापा गया है। इस हिंदी अनुवाद को वोईस ऑफ गॉड रिकॉर्डिंग के द्वारा छापा गया और बाँटा गया है।

HINDI

©2018 VGR, ALL RIGHTS RESERVED

VOICE OF GOD RECORDINGS, INDIA OFFICE
19 (NEW NO: 28) SHENOY ROAD, NUNGAMBAKKAM
CHENNAI 600 034, INDIA
044 28274560 • 044 28251791
india@vgroffice.org

VOICE OF GOD RECORDINGS
P.O. BOX 950, JEFFERSONVILLE, INDIANA 47131 U.S.A.
www.branham.org

कोपी राईट सूचना

सारे अधिकार सुरक्षित है। यह पुस्तक व्यक्तिगत प्रयोग या मुफ्त में देने और एक औजार के समान यीशु मसीह का सुसमाचार फैलाने के लिये
घर के प्रिंटर पर छाप सकते हैं।

इस पुस्तक को बेचना, अधिक मात्रा में फिर से छापना, वेब साईट पर डालना, दुबारा छापने के लिये सुरक्षित रखना, दूसरी भाषाओं में अनुवाद करना या धन प्राप्ति के लिये निवेदन करना निषेध है। जब तक की वायस ऑफ गोड रिकार्डिंग कि लिखित अनुमति प्राप्त ना कर ली जाये।

अधिक जानकारी या दूसरी उपलब्ध सामग्री के लिये कृपया संपर्क करें:

वायस ऑफ गोड रिकार्डिंग्स

पोस्ट बोक्स 950 जैफरसन विले, इन्डियाना 47131 यू. एस. ए.

www.branham.org